


राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक ख़बरों के साथ




वर्ष 14, अंक 24 | पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये | दुर्ग, सोमवार 11 नवम्बर 2024 | www.samaydarshan.in

## संक्षिप्त समाचार

### मप्र में खाद का संकट और सरकार इवेंट व चुनाव में व्यस्त

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में गहराए खाद संकट को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सरकार पर हमला बोला है और कहा है कि प्रदेश का किसान खाद के लिए परेशान है तो राज्य सरकार चुनाव प्रचार व इवेंट में व्यस्त है। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने शनिवार को कहा है कि मध्य प्रदेश का किसान खाद संकट से जूझ रहा है और सरकार किसानों को राहत देने की बजाय इवेंट और चुनाव प्रचार में व्यस्त है। हैरानी की बात है कि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के गृह जिले में भी खाद का भीषण संकट बरकरार है। किसान पूरी पूरी रात जागकर खाद मिलने का इंतजार कर रहे हैं, सरकार आंख और कान बंद कर अपनी मस्ती में मस्त है। कमलनाथ ने आगे कहा, आंकड़े बताते हैं कि सरकार की लापरवाही और अदूरदर्शिता के कारण कुल मांग के अनुपात में बहुत कम खाद की आपूर्ति हो सकी है, यही कारण है कि किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिल पा रही है।

### तसलीमा नसरीन का दावा, बांग्लादेश के चटगांव में इस्कॉन को निशाना बनाने की रची जा रही साजिश

**नई दिल्ली।** भारत में रह रहीं मशहूर बांग्लादेशी लेखिका तसलीमा नसरीन ने चटगांव के एक चरमपंथी समूह की तस्वीर साझा कर दावा किया है कि ये लोग मिलकर इस्कॉन को निशाना बनाने की साजिश कर रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर 'लज्जा' की लेखिका नसरीन ने लंबा चौड़ा पोस्ट साझा किया। इसमें लिखा, चटगांव स्थित समूह हिफाज़त-ए-इस्लाम ने इस्कॉन पर प्रतिबंध लगाने की अपील की है। आज उनका नारा था- एक इस्कॉन को पकड़ो, फिर कत्ल करो। हिफाज़त-ए-इस्लाम ने आतंकवाद का आह्वान किया है। वे इस्कॉन के सदस्यों को मारना चाहते हैं। क्या इस्कॉन एक आतंकवादी संगठन है कि इसे प्रतिबंधित किया जाना चाहिए?

जम्मू-कश्मीर में आतंवादियों से मुठभेड़

# जम्मू के किश्तवाड़ मुठभेड़ में एक जवान शहीद, तीन घायल

जम्मू/ एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के सुदूर वन क्षेत्र में रविवार को आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में सेना का एक जूनियर कमीशन अधिकारी (जेसीओ) बलिदान हो गया जबकि तीन अन्य जवान घायल हो गये. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. अधिकारियों ने बताया कि हाल ही में दो ग्राम रक्षा गार्ड (वीडीजी) की हत्या के बाद आतंकवादियों की तलाश तेज कर दी गई है. सेना ने बलिदानी सैनिक की पहचान 2 पैरा के नायब सूबेदार राकेश कुमार के तौर पर की और उनके सर्वोच्च बलिदान को सलाम किया. अधिकारियों ने बताया कि केशवान के जंगलों में पूर्वाह्न करीब 11 बजे उस समय मुठभेड़ शुरू हो गई जब सेना और पुलिस के संयुक्त तलाश दलों ने छिपे हुए आतंकवादियों की केशवान वन में घेराबंदी की. उन्होंने बताया कि मुठभेड़ स्थल उस स्थान से कुछ किलोमीटर दूर है, जहां पर वीडीजी नजीर अहमद और कुलदीप कुमार के गोलियों से छलनी शव मिले थे. उन्होंने कहा कि दो ग्राम रक्षा रक्षकों की हत्या के बाद कुंतवाड़ा और केशवान के जंगलों में बृहस्पतिवार शाम से आतंकवाद रोधी अभियान जारी है. सेना की जम्मू स्थित व्हाइट नाइट कोर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी एक पोस्ट में कहा, आतंकवादियों की उपस्थिति के बारे में विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर, किश्तवाड़ के भारत रिज क्षेत्र में सुरक्षा बलों द्वारा एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया था. यह



वही समूह है जिसने दो निर्दोष ग्रामीणों (ग्राम रक्षा रक्षकों) का अपहरण कर उनकी हत्या कर दी थी. उन्हें चुनौती दी गई और गोलीबारी शुरू हो गई. अधिकारियों ने बताया कि शुरुआती गोलीबारी में जेसीओ सहित सेना के चार जवान घायल हो गए और उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां तीन की हालत 'गंभीर' बताई गई. बाद में जेसीओ बलिदान हो गए. सेना ने 'एक्स' पर किए गए नवीनतम पोस्ट में बताया, व्हाइट नाइट कोर के जीओसी (जनरल ऑफिसर कमांडिंग) और सभी रैंक के जवान 2 पैरा (एसएफ) के बहादुर नायब सूबेदार राकेश कुमार के सर्वोच्च बलिदान को सलाम करते हैं. सूबेदार राकेश भारत रिज किश्तवाड़ के सामान्य क्षेत्र में शुरू किए गए संयुक्त सीआई (आतंकवाद विरोधी) अभियान का हिस्सा थे. हम दुख की इस घड़ी में शोक संतप्त परिवार के साथ हैं. इससे पहले, एक पुलिस प्रवक्ता ने भी पुष्टि की थी कि दो वीडीजी की हत्या के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ जारी है. अधिकारी ने बताया कि ऐसा माना जा रहा है कि इलाके में तीन या चार आतंकवादी घिरे हुए हैं. अधिकारियों ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच भारी गोलीबारी जारी है तथा अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है.श्रीनगर के बाहरी इलाके में जबरवान वन क्षेत्र में दो-तीन आतंकवादियों के होने की अपडेट मिलने के बाद सेना ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया।

इस दौरान सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी हुई। अधिकारियों ने बताया कि यह मुठभेड़ सुबह करीब नौ बजे शुरू हुई थी। हालांकि, अब बताया जा रहा है कि आतंकी पीछे के रास्ते से भाग गए हैं, जिसके बाद सेना ने सर्च ऑपरेशन को कुछ समय के लिए रोक दिया है। पुलिस उपमहानिरीक्षक, मध्य कश्मीर, राजीव पांडे ने कहा, 'हालांकि, दुर्गम इलाका होने के कारण सटीक स्थान का पता नहीं चल पाया है। हमारे जवानों पर भी कुछ गोलियां चलाई गईं। घेराबंदी बढ़ा दी गई है और हमें उम्मीद है कि आतंकवादियों का पता लगा लिया जाएगा और उन्हें मार गिराया जाएगा।

महाराष्ट्र में भाजपा का संकल्प पत्र जारी

# युवाओं को 25 लाख नौकरियां देने के वादा किया-अमित शाह

नई दिल्ली/ एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को महाराष्ट्र के आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र जारी किया। भाजपा ने अपने इस संकल्प पत्र में महिलाओं, किसानों और युवाओं के लिए बड़ी घोषणाएं की हैं। संकल्प पत्र में बीजेपी ने महिलाओं को हर महीने 2100 रुपए देने की बात कही है। पार्टी ने किसानों का कर्ज माफ करने की घोषणा की और युवाओं को 25 लाख नौकरियां देने के वादा किया है। इसके अलावा भी राज्य की जनता के लिए कई घोषणाएं की



गयी है। भाजपा का संकल्प पत्र जारी करते हुए अमित शाह ने कहा कि यह महाराष्ट्र की जनता की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र एक प्रकार से कई युगों से हर क्षेत्र में देश का नेतृत्व कर रहा है। एक जमाने में जब जरूरत थी, तब भक्ति आंदोलन की शुरुआत भी महाराष्ट्र से हुई, गुलामी से मुक्ति का आंदोलन भी शिवाजी महाराज ने यहीं से शुरू हुआ, समाजिक क्रांति की शुरुआत भी यहीं से हुई है और महाराष्ट्र की जनता की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब हमारे संकल्प पत्र में दिखाई पड़ता है। अमित शाह ने कहा, 'हम जो संकल्प पत्र लेकर आए हैं, उसमें 25 प्रमुख मुद्दे हैं। लाडली बहन योजना और वृद्धावस्था पेंशन में हम बढ़ोतरी कर रहे हैं। किसानों के ऋण माफ और किसान सम्मान निधि को 12 हजार रुपये से बढ़ाकर 15 हजार रुपये करेंगे। 10 लाख प्रतिभावान छात्रों को मासिक 10 हजार रुपये का मानदेय देंगे।

### सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

**कलबुर्गी।** कर्नाटक के कलबुर्गी जिले में शनिवार सुबह एक कार और पिकअप वाहन की भिड़ंत हो गई। भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों ने दम तोड़ दिया। स्थानीय पुलिस को इस घटना की सूचना दी गई। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने एक-एक करके चारों शवों को गाड़ी से बाहर निकाला। शवों को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय अस्पताल भेज दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार, एक ही परिवार के लोग कार में सवार होकर गणगापुर-श्री दत्तात्रेय मंदिर के दर्शन करने जा रहे थे। इसी दौरान, कमलापुरा तालुक में मारगुट्टी क्रॉस के पास सड़क हादसा हो गया। कार सवार चार लोगों की कार सामने से आ रही।

मल्लिकार्जुन खरगे का यूपी के सीएम योगी पर हमला

# गेरुआ कपड़े पहनने वाले देश में फैला रहे नफरत-मल्लिकार्जुन......

मुंबई / एजेंसी

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि आज कल कई नेता साधुओं के वेश में रहते हैं। कुछ तो मुख्यमंत्री भी बन गए हैं। वे गेरुआ कपड़े पहनते हैं और नफरत फैला रहे हैं। मुंबई में संविधान बचाओ सम्मेलन में खरगे ने कहा कि अगर नेता हैं तो सफेद कपड़े पहनें। अगर आप संन्यासी हैं और 'गेरुआ' कपड़े पहनते हैं तो राजनीति से बाहर निकलें। एक तरफ गेरुआ कपड़े पहनते हैं और दूसरी तरफ कहते हैं



बटोगे तो कटोगे। वह लोगों के बीच नफरत फैला रहे हैं और बांटने की कोशिश कर रहे हैं। महाराष्ट्र और यूपी उपचुनाव को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ लगातार ये बयान दे रहे हैं कि बंटोगे तो कटोगे। इसे लेकर लगातार विपक्षी दल भाजपा और सीएम योगी पर हमला बोल रहे हैं। अब कांग्रेस अध्यक्ष ने भी इस पर जवाब दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि 'उनका क्या मतलब है? आप किसको काटेंगे? इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने देश को एकजुट रखने के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी। यह योगी जी का नारा है। मोदी जी कहते हैं कि एक हैं तो सुरक्षित हैं। मुझे नहीं पता कि कौन सा नारा काम करेगा, लेकिन आप उन लोगों में से हैं, जिन्होंने हमें आजादी दिलवाने वालों को मार डाला। मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि 'महाराष्ट्र की प्रगति और विकास के लिए हमारे पास पांच स्तंभ हैं।

# हाई कोर्ट की फटकार का असर, चकाचक हुई शहर की सड़कें, श्रेय लेने राजनीति भी हुई शुरू

**चीफजस्टिस रमेश सिन्हा की नाराजगी का असर कहें या फिर उनकी संवेदनशीलता**

बिलासपुर/ संवाददाता

छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की नाराजगी का असर कहें या फिर उनकी संवेदनशीलता और लोगों की जानमाल की सुरक्षा की चिंता। नगर निगम व पीडब्ल्यूडी ने अपने हिस्से की सड़कों का मरम्मत का कार्य प्रारंभ कर दिया है। इसी कड़ी में नगर निगम ने अपने हिस्से की 20 सड़कों का मरम्मत का काम पूरा कर लिया है। प्रशासनिक अफसरों व विभागीय अधिकारियों से लेकर आम शहरी को भी यह बात अच्छी तरह पता है कि इस पूरे मामले में छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट की लगातार मानिटरिंग हो रही है और कड़ाई बरती जा रही है। अचरज की बात ये कि अब जब सड़कें चकाचक हो रही है, राजनीतिक रूप से श्रेय लेने की कोशिशें भी उसी अंदाज में सामने आने लगा है। जाहिर सी बात है,सामने नगर निगम चुनाव है। श्रेय लेने की कोशिशें भी इसी रूप में सामने आने लगी है। बरसात में जर्जर हो चुकी शहर की सड़कों को मरम्मत करने का कार्य किया जा रहा है। कार्य के पहले चरण के तहत नगर निगम द्वारा शहर की 20 सड़कों का मरम्मत कर डामरीकरण और पेंच रिपेयरिंग पूरा किया जा चुका है। हाई



कोर्ट की नोटिस और जवाब-तलब के बीच बारिश के दौरान सड़क क्षतिग्रस्त हो चुकें थे,जिसके मरम्मत के लिए नगर निगम ने शासन को प्रस्ताव भेजा था। चीफजस्टिस ने अफसरों से पूछे थे सवाल बीते महीने जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान राज्य शासन की ओर से पैरवी कर रहे महाधिवक्ता कार्यालय के विधि अधिकारी ने जब चीफजस्टिस को बताया कि प्रदेशभर की सड़कों की मरम्मत और पेच रिपेयरिंग के लिए राज्य शासन ने बजट जारी कर दिया है। अब जल्द सड़कों के मरम्मत का काम प्रारंभ कर दिया जाएगा। इस पर चीफजस्टिस ने पूछा था कि फंड का सदुपयोग होगा या फिर दुरुपयोग। सीजे ने यह भी चेतावनी दी थी कि काम गुणवत्तापूर्ण हो और शासन की मंशानुरुप फंड का सदुपयोग हो। नगर निगम का दावा,इन सड़कों के मरम्मत का काम पूरा 1 विजय वंदना हॉस्पिटल से नर्मदा नगर चैक (मुंगेली बाईपास रोड) 2 मंगला चैक से उस्लापुर ओव्हर ब्रिज 3 मुंगेली नाका से सर्किट हाउस मोड तक (सर्कि ट हाउस रोड) मध्य नगरीय चैक से सत्यम चौक तक 5 सत्यम चैक से मगर पारा चौक तक 6 मगर पारा चैक से भारतीय नगर चौक।

तक 7 सीएमडी चैक से गायंत्री मंदिर चौक तक 8 रानी सती मंदिर रोड शांति नगर 9 पावर हाउस चैक से गुम्बर पेट्रोल पंप तक (धान मण्डी रोड तोरवा) 10 पुराना हरिभूमि चैक से बृहस्पति बाजार तक 11 बृहपस्पति बाजार रोड से देवकीनंदन चौक तक 12 भक्त कंवर राम गेट से सांई मंदिर नेहरू नगर (पं. श्यामलाल चतुर्वेदी स्मार्ट रोड) 13 सांई मंदिर चौक से नर्मदा नगर चौक 14 जगमल चैक से मन्नु चौक 15 मन्नु चैक से शिव टाकिज चौक तक 16 मन्नु चैक से दयालबंद चौक तक 17 जेल रोड 18 राजेन्द्र नगर चैक से मुख्य डाक घर तक 19 आजाद चौक मंगला 20 मंगला चौक से सेट फ्रांसिस चौक तक

झारखंड के गुमला में गरजे पीएम मोदी

# अपनी तिजोरियां भरने में मस्त हैं कांग्रेस और झामुमो-मोदी

गुमला/ एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उसका 'शाही परिवार' अपने 'नापाक मंसूबों' के तहत आरक्षण छीनने के लिए अनुसूचित जनजाति (एसटी), अनुसूचित जाति (एससी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की एकता को तोड़ने पर तुला हुआ है. गुमला में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नीत गठबंधन पर खनिज, जंगल, रेत और कोयले जैसे राज्य के समृद्ध संसाधनों को लूटने का आरोप लगाया और दावा किया कि इससे 'रोटी, माटी और बेटी' पर गंभीर खतरा पैदा हो गया है. उन्होंने सत्तारूढ़ सरकार पर घुसपैठियों को बढ़ावा देने का भी आरोप लगाया. उन्होंने कहा,कांग्रेस जानती है कि यदि अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग एक हो गए तो वे पार्टी के अस्तित्व के लिए खतरा पैदा कर देंगे. यही कारण है



कि कांग्रेस का शाही परिवार उनकी एकता तोड़ने पर आमादा हैज् वे आरक्षण छीनना चाहते हैं. उन्होंने कहा, कांग्रेस एक आदिवासी समुदाय को दूसरे के खिलाफ खड़ा करने की कोशिश कर रही है आदिवासी समाज की ताकत को तोड़ने के एजेंडे के साथ वह उरांव के खिलाफ मुंडा, खारिया के खिलाफ लोहरा, कोरवा के खिलाफ खरवार आदि को लड़ा रही हैं. प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस उच्च पदों पर आदिवासियों को बर्दाश्त नहीं कर सकती, यही कारण है कि उसने राष्ट्रपति पद पर द्रौपदी मुर्मू का विरोध किया और उनका अपमान करना जारी रखे हुए है. उन्होंने इस क्रम में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन का भी उल्लेख किया और कहा कि सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा ने इस आदिवासी नेता का अपमान किया. उन्होंने कहा कि भाजपा आदिवासी गौरव को बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध है और बिरसा मुंडा के सम्मान में 15 नवंबर से देशभर में एक साल तक 'जनजातीय गौरव वर्ष' मनाया जाएगा. महान स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा के जन्मस्थान खूंटी के उलिहातू का दौरा करने वाले पहले प्रधानमंत्री होने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, मोदी उनकी पूजा करता हैं जिन्हें दूसरे खारिज कर देते हैं.

प्रधानमंत्री ने कहा कि धरती आबा जनजाति उत्कर्ष अभियान के तहत पूरे भारत में 60,000 से अधिक आदिवासी गांवों को 80,000 रुपये की लागत से विकसित किया जाएगा. मोदी ने यह भी वादा किया कि जिन लोगों ने झारखंड के संसाधनों को लूटा और यहां के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा और उन्हें सलाखों के पीछे डाला जाएगा. झामुमो नीत सरकार पर झारखंड की जमीन, नदियां और पहाड़ बेचकर रेत की तस्करी कर करोड़ों रुपये कमाने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा, जिन लोगों ने जनता का पैसा लूटा है।

वे अपना जीवन जेल में बिताएंगे, उन्हें पैसा लौटाना होगा. उन्होंने आरोप लगाया कि गठबंधन के नेता न केवल संसाधनों को लूट रहे हैं, बल्कि जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के लिए रिश्वत भी ले रहे हैं. मोदी ने कहा कि ऐसे लोगों को सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है.उन्होंने कहा कि तीन करोड़ महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाने का लक्ष्य है।



## संक्षिप्त समाचार

### ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, बनारी, जांजगीर के विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण के लिये हुए रवाना



ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल, बनारी जांजगीर में संस्था के संचालक श्री आलोक अग्रवाल एवं प्राचार्या श्रीमती सोनाली सिंह जी के निर्देशन में दिनांक 07 नवम्बर 2024 संस्था के विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के लिये अमृतसर, डलहौजी, धर्मशाला ले जाया गया। यह शैक्षणिक भ्रमण 07 नवम्बर 2024 से 14 नवम्बर 2024 तक पूर्ण कराया जायेगा। सर्वप्रथम विद्यार्थियों को संस्था की प्राचार्या श्रीमती सोनाली सिंह एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं की देख-रेख में जाँजगीर-नैला स्टेशन से ट्रेन द्वारा सफर की शुरूआत की गई। इस शैक्षणिक भ्रमण में संस्था के करीब 35 बच्चे तथा 6 शिक्षक व 1 पैरेन्ट सम्मिलित हुये हैं। विद्यार्थियों को मुख्य रूप से स्वर्ण मंदिर अमृतसर, वाघा बॉर्डर, खज्जियार, जलियावाला बाग, कांन्ग्रा फोर्ट, क्रिकेट स्टेडियम हिमाचल प्रदेश, बागसू नाग टेम्पल, चम्बा देवी इत्यादि जगहों का भ्रमण कराया जायेगा। शैक्षणिक भ्रमण का मुख्य उद्देष्य विद्यार्थियों को अपने देश के विभिन्न क्षेत्रों के परिवेश की जानकारी को विषय वस्तु से जोडना और उसमें विस्तार करना है। शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से छात्रों की मानसिक और बौद्धिक विकास भी करना है। विद्यार्थियों में दुनिया को समझने की अनंत संभावनाएँ खुलती है और साथ ही आलोचनात्मक सोच भी बढ़ती है। संस्था के संचालक श्री आलोक अग्रवाल जी ने भ्रमण के गए विद्यार्थियों एवं संस्था कर्मचारियों को शुभकामनाएँ दी।

### कैंसर पर जीत हासिल करने के लिए वैश्विक विशेषज्ञों के साथ सहयोग और ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा

**बिलासपुर :** अपोलो कैंसर सेंटर, मुंबई द्वारा आयोजित अपोलो कैंसर कॉन्क्लेव का 7वां एडिशन आज शुरू हुआ और इसमें अग्रणी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों के 400 से अधिक फैकल्टी, कैंसर देखभाल विशेषज्ञ और रिसर्चर सहित 2,000 से अधिक ऑन्कोलॉजिस्ट भाग ले रहे हैं। यह कार्यक्रम कैंसर देखभाल में नवीनतम प्रगति और नवाचारों पर चर्चा करने, आधुनिक उपचारों से लेकर सटीक ऑन्कोलॉजी तक के विकसित परिदृश्य पर चर्चा करने पर केंद्रित है। यह सम्मलेन 8 से 10 नवंबर तक होने वाला है। स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र के प्रोफेशनल्स के लिए पैनल चर्चा, कार्यशालाओं और रिसर्च प्रेज़ेंटेशन में भाग लेने के लिए यह एक प्रभावशाली मंच है। इसमें मुख्य भाषण और कई सत्रों में कैंसर देखभाल के पहले से चले आ रहे उपचारों और प्रबंधन रणनीतियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी। अपोलो कैंसर कॉन्क्लेव में सात ऑर्गन-स्पेसिफिक्र सायंटिफिक्र ट्रैक, 100 से ज़्यादा सेशन और कई इंटरैक्टिव चर्चाएं होंगी, ऑन्कोलॉजी में यह एक आधारशिला कार्यक्रम के रूप में जाना जाएगा। यह सम्मलेन उन ऑन्कोलॉजी विशेषज्ञों के लिए स्वास्थ्य सेवा कैलेंडर में साल का बहुत ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम बन चूका है, जो कैंसर से अधिक प्रभावी ढंग से और सहानुभूतिपूर्वक लड़ने के लिए समर्पित हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन में इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर की निदेशक डॉ. एलिसाबेत वीडरपास ने कहा, के 2022 के अनुमानों से पता चलता है कि दुनिया भर में कैंसर का बोझ 2022 में 20 मिलियन नए मामलों से बढ़कर 2050 तक 35 मिलियन हो जाने का अनुमान है। भारत में 2022 में कैंसर के 1.41 मिलियन नए मामले आए थे, यह आंकड़ें बढ़कर 2050 में 2.69 मिलियन होने की उम्मीद है। इस खतरनाक अनुमान के साथ, रोकथाम कैंसर महामारी के लिए बहुत ही ज़रूरी बन गई है। अपोलो कैंसर कॉन्क्लेव 2024 जैसी पहल स्थानीय विशेषज्ञों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए एक प्रभावशाली मंच प्रदान करती है। ह्ल्त्रष्ट में, हमारा लक्ष्य है एक ऐसी दुनिया बनाएं, जहां कैंसर के मामलें कम से कम हो। इसके लिए रोकथाम और बीमारी की जल्द से जल्द पहचान में सक्रिय, सबूतों पर आधारित रणनीतियों की आवश्यकता है। यह कॉन्क्लेव इन रणनीतियों को साझा करने और हमारे सामूहिक मिशन को मजबूत करने का एक उल्लेखनीय अवसर है। अपोलो हॉस्पिटल्स एंटरप्राइज़ लिमिटेड की कार्यकारी उपाध्यक्ष सुश्री प्रीता रेड्डी ने कहा, अपोलो हॉस्पिटल्स की स्थापना वैश्विक मानकों के अनुरूप स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से की गई थी। हम नए मानकों, उन्नत तकनीकों और अभिनव उपचारों के साथ कैंसर देखभाल में क्रांति लाकर उस उद्देश्य को आगे बढ़ा रहे हैं और ज़्यादा से ज़्यादा मरीज़ों को बेहतर परिणाम देने के लिए प्रयास कर रहे हैं। 22 अपोलो कैंसर केंद्रों में 390 से अधिक ऑन्कोलॉजिस्ट के साथ, हम दुनिया भर की सर्वश्रेष्ठ देखभाल जैसी सबसे अच्छी दयालु, मरीज़-केंद्रित देखभाल प्रदान करते हैं।

# छत्तीसगढ़ की अनिशा साहू और गीता यादव नीदरलैंड और बेल्जियम में दिखाऐंगें जौहर




**राजनांदगांव (समय दर्शन)।** बैंग्लोर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही जूनियर इंडिया कोर टीम में शामिल प्रदेश की अनिशा साहू और गीता यादव का चयन नीदरलैण्ड और बेल्जियम में खेले जाने वाले अभ्यास मैच के लिए किया गया है, यह टूर आने वाले समय में आयोजित जूनियर महिला एशिया कप 2024 व जूनियर महिला वर्ल्ड कप 2025 की तैयारियों को लेकर किया जा रहा है। इस 24 सदस्यी टीम में से ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन आने वाले समय में आयोजित होने वाले जूनियर महिला एशिया कप 2024 व जूनियर महिला वर्ल्ड कप 2025 के लिए किया जायेगा।

ज्ञात हो कि कु. अनिशा साहू विगत 4 वर्षो से जूनियर टीम की सदस्य के रूप में शामिल है तथा गीता यादव हाल ही में जूनियर इंडिया टीम के सदस्य के रूप में शामिल हुई है और उन्होंने अपने खेल के प्रदर्शन के आधार पर यह जगह बनाई है।

छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने बताया कि हॉल ही में दिनांक 17 मई से 1 जुलाई तक आयोजित साइड टूर में कु. अनिशा साहू ने बेल्जियम, नीदरलैंड और जर्मनी का दौरा किया था, यह उसका दूसरा दौरा होगा, जो जूनियर महिला इंडिया टीम की ओर से प्रतिनिधित्व करेगी। साथ ही गीता यादव ने बहुत कम समय में यह मुकाम हासिल की है जो 1 वर्ष के भीतर ही टीम में अपना स्थान बनाते हुए नीदरलैंड और बेल्जियम का दौरा करेगी। इसी के साथ ही अगामी जनवरी माह में आयोजित होने वाली एचआईएल में भी अपना स्थान बनाया है, वह दिल्ली एजजी पाइपर्स की टीम से खेलते हुए नजर आयेंगी।

छत्तीसगढ हॉकी के महासचिव मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि यह बढे ही गर्व का विषय है कि आज प्रदेश की दो बेटियां देश के लिए खेलने जा रही है। गीता यादव कबीरधाम जिले के ग्राम बोड़ला की रहने वाली है, वह शुरूवाती दौर में राजनांदगांव हॉकी स्टेडियम में हॉकी के गुण सीखी है तथा 3 वर्ष तक राजनांदगांव में रह कर हॉकी की बारीकियां सीखकर अपनी पहचान बनाई, उसके बाद उसका चयन खेलो इंडिया सेंटर बहतराई, बिलासपुर के लिए हुआ था। दोनों ही खिलाड़ी विगत कई वर्षो तक छत्तीसगढ़ हॉकी की ओर से राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर चुकें है, उनकी इस उपलब्धि पर पूरा प्रदेश गौरान्वित है। अनिशा साहू और गीता यादव के नीदरलैंड और बेल्जियम टूर में चयन होने पर माननीय विष्णु देव साय मुख्यमंत्री छग शासन, डा. रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष छग शासन, टंकराम वर्मा, विक्रम सिसोदिया महासचिव छत्तीसगढ़ ओलम्पिक संघ, श्रीमती तनुजा सलामे निर्देशक खेल एवं युवा कल्याण विभाग, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, अभिषेक सिंह, महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, फिरोज अंसारी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हॉकी, मनीष श्रीवास्तव महासचिव छत्तीसगढ़ हॉकी, डी रविशंकर वरिष्ठ उपाध्यक्ष, ए एक्का सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग राजनांदगांव, हरिंदर सिंग, विनीत नावघरे, गोपेश्वर कहरा, राजेश मंडावी, आशा थॉमस, नीलम चंद जैन, अमिताभ मानिकपुरी, गजेंद्र शर्मा, अंसार अहमद, जिला हॉकी संघ राजनांदगांव के सचिव शिवनारायाण धकेता, नीलमचंद जैन, कुतुबुद्दीन सोलंकी, रमेश डाकलिया, भुषण सॉव, नरेश डाकलिया पूर्व महापौर, गणेश प्रसाद शर्मा, ज्ञानचंद जैन, अनुराज श्रीवास्तव, मृणाल चौबे अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी, अशोक नागवंशी, अनिल यादव, कुमार स्वामी, रौबीन गाठलीब, दीपक यादव, आशीष सिन्हा, महेन्द्र सिंह ठाकुर, योगेश द्विवेदी, अजय झा, प्रकाश शर्मा, जावेद खान, छोटेलाल रामटेके, विरेन्द्र सिंग भाटिया, संतोष चोकन्द्रे, खुशाल यादव, सचिन खोब्रागढ़े, विकास वैष्णव, चंद्रहास साहू, राजू रंगारी, गुणवंत पटेल, संजीव पटेल, अब्दुल कादिर, राजेश निर्मलकर, शकील अहमद, किशोर धीवर, अमित माथुर, खेमराज सिन्हा, संदीप यादव, अभिनव मिश्रा, दीपेश चौबे, कृष्णा यादव सहित छत्तीसगढ़ के सभी हॉकी प्रेमियों और खिलाड़ियों ने प्रसन्नता व्यक्त की और अनीश साहू और गीता यादव को अच्छा प्रदर्शन के लिए अपनी शुभकामनाएं दी।

# भरर क्रिकेट टीम ने जीता टारगेट इलेवन अकतई ट्राफी!

### जिप उपाध्यक्ष अशोक साहू, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने किया पुरस्कार वितरण!

### टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन!



**जामगांव आर (समय दर्शन)।** टारगेट इलेवन एवं ग्रामवासियों के तत्वाधान में टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित किया गया।जिसके समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रतिनिधि अशोक साहू उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग,राजेश ठाकुर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस,रूपेंद्र शुक्ला महामंत्री,भेष आठे जोन प्रभारी,किशोर चंद्राकर सेक्टर प्रभारी थे।

प्रतियोगिता में भरर टीम विजेता,रनचिरई उपविजेता, जोरातराई तृतीय,अकतई चतुर्थ रही।प्रतिभागी विनर टीम को क्रमश:10000/, 8000/, 6000/, 4000/एवं विनर शील्ड प्रदान किया गया। फाइनल मैच में अशोक भरर ने 88 रन बनाकर 3 विकेट लेने वाले खिलाड़ी को मैन आफ सीरीज,दानी को बॉलर,महेंद्र यादव बेस्टमैन, मोनू ठाकुर कीपर को भी आकर्षक पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर मोहिनी चेतन साहू सरपंच, नीलांबर ठाकुर, दिनेश चंद्राकर, सुनील बमबोड़ें, नरेश देवांगन, यशवंत, प्रीतम चंद्राकर, सोमनाथ साहू, संतोष चंद्राकर, भीषण ठाकुर, पंचू ठाकुर, योगेश्वर ठाकुर, थानू सिन्हा, सुनील चंद्राकर, प्रवीण चंद्राकर, जितेंद्र मंडावी, योगेश उपाध्याय, भूपेंद्र साहू, सहदेव नेताम, सहदेव नेताम, हीरू मंडावी, हेमंत,राजेंद्र कतलम,डामन कतलम सहित ग्रामवासी एवं खिलाड़ी उपस्थित थे।

# गांव में भक्ति आयोजनों से बनती हैं भाईचारा - राजकुमार साहू



### ग्राम भडेसर में श्री श्याम कार्तिक महोत्सव आयोजन

**जांजगीर-चाम्पा (समय दर्शन)।** नवागढ़ विकास खण्ड के ग्राम भडेसर में श्री श्याम कार्तिक महोत्सव आयोजन किया जा रहा हैं। श्री श्याम कार्तिक महोत्सव में जिला पंचायत के सभापति एवं भाजपा नेता राजकुमार साहू शामिल हुए। सर्व प्रथम राजकुमार साहू ने भगवान श्याम कार्तिक का विधिवत पूजा अर्चना कर जिलेवासियों के खुशहाली की कामना किये। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए श्री साहू ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से गांव व समाज में भाईचारा व एकता बनी रहती है। उन्होंने श्याम कार्तिक महोत्सव में कार्यक्रम प्रस्तुत करने वालों का सम्मान भी किया। इस दौरान ग्राम सरपँच श्रीमती यादव, दिनेश पाण्डेय, लक्ष्मण साहू, युवराज साहू, दुर्गेश राठौर, अनिल तिवारी, तेरस बरेठ, गुड्डू यादव, बहोरन साव,भोजराम यादव, गणपति, महारथी यादव, गज्जू यादव, इंदल राठौर, संजय, कैवर्त, प्रशांत यादव, विषेशर यादव, लल्लू साहू, रामायण कैवर्त, तीजराम पुजारी, सनत साहू सहित बड़ी संख्या ग्रामवासी मौजूद रहे।

# गोपियों को आनंद देने कन्हैया करते थे माखन चोरी: रेणुका दीदी

### महारास देखने भोलेनाथ को बनना पड़ा नारी



**पाटन (समय दर्शन)।** राम नगरी ग्राम कसही में नायक परिवार द्वारा संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण आयोजित किया गया है। भागवत सप्ताह के छठवें दिन भगवान श्री कृष्णा की बाल लीलाओं और उनके अनन्य भक्तों की चर्चा करते हुए भागवताचार्य रेणुका दीदी ने कहा कि भगवान श्री कृष्णा सब के हैं इस गिरधर नटवर को हर जाति - धर्म के लोग पूजते हैं। कुछ लोग सामाजिक समरसता बिगड़ने तथा सनातन धर्म में विकृति पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे लोगों को रसखान की कृष्ण के प्रति अपार श्रद्धा से शिक्षा लेनी चाहिए। इन्होंने यह कहा कि बाल गोपाल गोपियों को आनंद देने के लिए ही माखन चोरी करते थे। उन्हें क्या जरूरत थी चोरी करने की। जिस दिन वे चोरी करने नहीं जाते थे। उस दिन गोपियां स्वयं लाला से मिलने यशोदा मैय्या के घर पहुंच जाती थीं।

कथा बाँचते उन्होंने बताया कि भगवान भोलेनाथ भी श्रीकृष्ण के महारास में जाने थे और इसके लिए उन्हें नारी का रूप धरना पड़ा। कन्हैया ने उन्हें लीला में जाने से नहीं रोक पाए उन्हें गोपेश्वरी नाम दिया। वृंदावन में गोपेश्वर महादेव का मंदिर है। जहां दिन में भोलेनाथ की विधिवत पूजा होती है, वही शाम को उन्हें स्त्री रूप मे श्रृंगारित किया जाता है।

**भागवतमय हुआ कसही** - ग्राम तहसील में श्रीमती जोतकुंवर नायक परिवार द्वारा सात दिवसीय संगीत में श्रीमद् भागवत महापुराण आयोजित किया गया है। इस आध्यात्मिक अनुष्ठान में शामिल होने बड़ी संख्या में भक्त भागवत कथा श्रवण करने पहुंच रहे हैं। बेहतर ध्वनि व्यवस्था के चलते पूरा गांव भागवत मय हो गया है। रविवार को भागवत कथा के छठे दिन भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला, मथुरा प्रवेश, कंसवध और रुक्मणी मंगल की कथा प्रस्तुत की गई।

**सामाजिक सौहार्दता न बिगाड़ें-** श्रोताओं को संबोधित करते हुए कथा वाचिका रेणुका दीदी ने कहा कि नटखट कृष्ण के सभी चाहने वाले हैं, किंतु कुछ लोगों ने कृष्ण भक्ति और सनातन को बांटने का प्रयास कर सामाजिक सौहार्दता बिगड़ने का प्रयास कर रहे हैं। कवि रसखान ने बाल गोपाल को अपने हाथों से पादुका पहनाई और सैकड़ों कृष्ण आराधना की रचना की। कथा प्रसंग के दौरान रुक्मणी और कृष्ण का विवाह का प्रसंग भी आया। अनुष्ठान अनुरूप कृष्णा और रुक्मणी का औपचारिक विवाह कराया गया। इस भावपूर्ण दृश्य को देखते लोग उमड़ पड़े।

**आज अनुष्ठान का समापन-** सोमवार को सात दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण का समापन होगा, वहीं मंगलवार को गीता पाठ व तुलसी वर्षा की जाएगी।

# नंदिनी अहिवारा में ट्रैफिक व्यवस्था धवस्त प्रशासन और पुलिस की निष्क्रियता

### आम जनता दुर्घटनाओं का हो रहे शिकार



**नंदिनी अहिवारा (समय दर्शन)।** दिन प्रतिदिन अहिवारा विधानसभा के नाम से प्रचलित अहिवारा जो अहिवारा नाम से फेमस है एवं प्रगति पर है दिन-रात लोगों के आवागमन से इजाफा हो रहा है परंतु यहाँ की यातायात व्यवस्था में स्थानीय पुलिस निष्क्रिय है पुलिस की कार्यशाली इस यातायात व्यवस्था में नाकाम है पुलिस का दृष्टिकोण सिर्फ अवैध कारोबार में लिप्त लोगों से हैं इस नगरी को संभाल ने के लिए किसी अच्छे प्रशासनिक अधिकारी की जरूरत है, हिंदू धर्म के प्रसिद्ध त्योहार के समय मुख्य जगह पर अलर्ट की स्थिति रहती है, उस वक्त आम जनता की सुरक्षा में पुलिस अपना दायित्व नहीं समझ पा रही तो सोचनीय है रात्रि कालीन की बेला तो राम भरोसे आम जनता कैसे सुरक्षित रहेगी नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है अहिवारा का मुख्य बाजार जहाँ हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है वहाँ पुलिस नदारद रहती है एवं तीन बत्ती चौक से लेकर शिवराम मंदिर चौक तक भारी वाहनों का काफिला निरंतर आवागमन में बने रहता है एवं जाम की स्थिति लगी रहती है शिवराम मंदिर चौक पर हर पल दुर्घटना की आशंका बनी रहती है यहां के प्रशासनिक अधिकारी तहसीलदार राधेश्याम वर्मा को भी कई बार दुर्घटना के संबंध में जानकारी दी गई। सिर्फ आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला, आम जनता ने गुजारिश की है पुलिस उक्त जगह पर अपनी भूमिका निभाये ताकि आवागमन सुचारू रुप से हो सके शिव राम मन्दिर चौक।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर सह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कनकबीरा हुआ एनक्यूएएस सर्टिफाइड

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कनकबीरा को राष्ट्रीय मानक में मिला 89.73 प्रतिशत






**सारंगढ़ बिलाईगढ़(समय दर्शन)**/जिले को स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक और उपलब्धि प्राप्त हुआ हैं, जो स्वास्थ्य की दिशा में सुधार को दर्शाता हैं। सभी स्वास्थ्य केंद्रों का राष्ट्रीय मानको के अनुरूप तैयार किया जा रहा हैं। इसी कड़ी में सारंगढ़ ब्लॉक के आयुष्मान आरोग्य मंदिर सह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कनकबीरा में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक की टीम ने 18-19 अक्टूबर को जाँच की। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक टीम में आये डॉ. प्रेमानंद त्रिपाठी और मिनीमोल अनिल कुमार ने 89.73 प्रतिशत राष्ट्रीय स्तर मानक प्रदान की। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कनकबीरा को सर्टिफिक्रेट प्रदान किया गया। यह स्वास्थ्य केंद्र नवनिर्मित जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ का पहला केंद्र हैं जो एनक्यूएएस सर्टिफाइड स्वास्थ्य केंद्र बन गया। जिला एनक्यूएएस सलाहकार कृष्णपुरी गोस्वामी द्वारा सभी अधिकारी कर्मचारियों को बधाइयां व शुभकामनायें दी। सेक्टर प्रभारी अरुण नायक एवं डॉ. प्रेम प्रकाश चौधरी ने मार्गदर्शन व सहयोग के लिए कलेक्टर धर्मेश साहू, सीएमएचओ डॉक्टर एफ आर निराला, बीएमओ, डीपीएम इजारदार सहित सारंगढ़ के विभिन्न शाखा प्रभारी, समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रम के प्रभारी व नोडल अधिकारी को आभार व्यक्त किया है।

**क्या है एनक्यूएएस-** राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों को सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ-साथ वैश्विक सर्वोत्तम अभ्यास के लिए विशिष्ट आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है। इसकी शुरुआत 2017 में हुई हैं, एनक्यूएएस वर्तमान में जिला अस्पतालों, सामुदायिक, ग्रामीण और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए उपलब्ध हैं। मानक मुख्य रूप से प्रदाताओं के लिए पूर्व निर्धारित मानकों के माध्यम से सुधार के लिए अपनी स्वयं की गुणवत्ता का आकलन करने और प्रमाणन के लिए अपनी सुविधाओं को लाने के लिए हैं।

**जाँच बिंदु-** राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों को मोटे तौर पर 8 फ्रचिंता के क्षेत्रोंफ्र के तहत व्यवस्थित किया गया है, जिसमें सेवा प्रावधान, रोगी अधिकार, इनपुट, सहायता सेवाएँ, नैदानिक देखभाल, संक्रमण नियंत्रण, गुणवत्ता प्रबंधन और परिणाम शामिल है। ये मानक आईएसक्यूयूए द्वारा मान्यता प्राप्त हैं और व्यापकता, निष्पक्षता, साक्ष्य और विकास की कठोरता के संदर्भ में वैश्विक मानदंडों को पूरा करते हैं।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि यह कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस का का राष्ट्रविरोधी एजेंडा है।

# कांग्रेस जम्मू-कश्मीर में फिर से आतंकवाद का दौर लाना चाहती है, धारा 370 और 35 पर सीएम विष्णुदेव बोले



**रायपुर( समय दर्शन )।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि कांग्रेस जम्मू-कश्मीर में फिर से आतंकवाद और अलगाववाद का काला दौर लाना चाहती है। जम्मू- कश्मीर विधानसभा में धारा 370 और 35 को फिर से लाने के नेशनल कांफ्रेंस के प्रस्ताव का समर्थन कर कांग्रेस ने देश को तोड़ने का कुचक्र फिर से चल दिया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि कल विधानसभा में जो भी कुछ हुआ, वह पाकिस्तान और देश विरोधी लोगों को खुश करने के लिए किया गया, जम्मू-कश्मीर की जनता को गुमराह करने के लिए किया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि आज जो देश की एकता के लिए खड़े हैं, जम्मू-कश्मीर वे विकास और शांति के पक्ष में खड़े हैं, उन्हें मार्शल के जरिये बेरहमी से जम्मू-कश्मीर विधानसभा से बाहर निकाला जा रहा है। कांग्रेस-एनसी, पीडीपी - ये सब जम्मू-कश्मीर में फिर से आतंकवाद को लाना चाहते हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि यह कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस का का राष्ट्रविरोधी एजेंडा है। शेख अब्दुल्ला से लेकर उमर अब्दुल्ला तक, भावनात्मक ब्लैकमेल करना नेशनल कॉन्फ्रेंस की दिनचर्या है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर धारा 370 तथा 35 के काले साए से कब का निकल चुकी है। वह विकास के रास्ते पर चल पड़ी है लेकिन कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस, पीडीपी ये सब कश्मीर घाटी में आई शांति से परेशान हैं। ये जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद व अलगाववाद के काले दौर को वापस लाना चाहती है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि हमारी सरकार ने वादा किया था कि जम्मू-कश्मीर को विधानसभा देंगे, चुनाव करायेंगे, केवल 5 साल के अंदर मोदी सरकार ने चुनाव कराये और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बहाल किया। हम आगे भी जम्मू-कश्मीर के विकास के लिए काम करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि कांग्रेस फिर से धारा 370 बहाल करके की बात करके यह बताना चाहती है कि हम वाल्मीकियों, गोरखा समाज, पश्चिमी पाकिस्तान शरणार्थी, पहाड़ी और गुर्जर के खिलाफ हैं। कांग्रेस ने नेशनल कांफ्रेंस के घोषणापत्र का समर्थन कर जम्मू-कश्मीर में आरक्षण को ख़त्म करने का समर्थन किया था। वैसे भी राहुल गाँधी अमेरिका जाकर आरक्षण को ख़त्म करने की बात कर चुके हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि धारा 370 के हटने के बाद से जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद की घटनाओं में 70 प्रतिशत की कमी आई है। नागरिकों की मृत्यु में भी लगभग 80त्न की कमी आई है। विदेशी नागरिकों के पर्यटन में 300 प्रतिशत का उछाल आया है। जम्मू-कश्मीर का बजट 17 प्रतिशत बढ़ा है। पत्थरबाजी की घटना बिलकुल बंद हो गई। आतंकवादी घटनाएं दो-तीन जिलों में ही सिमट कर रह गई। जहाँ पहले 5-7 प्रतिशत मतदान होता था, वहां भी 50 प्रतिशत मतदान होने लगा। जो पहले अलगाववाद और आतंकवाद की वकालत कर रहे थे, वे भी अब हिंदुस्तान के संविधान में लोकतंत्र को मजबूती देते हुए वोट मांगते दिखाई दिए। जी-20 की बैठक जम्मू-कश्मीर में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। जम्मू-कश्मीर को 80 हजार करोड़ रुपये का विशेष पैकेज मिला, 56 हजार करोड़ रुपये का निवेश आया। आजादी से लेकर धारा 370 के हटने तक जम्मू-कश्मीर में जितना निवेश आया, उसकी तुलना में तीन गुना निवेश पिछले 4 सालों में जम्मू-कश्मीर में हुआ। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि कांग्रेस को इसका जवाब देना होगा। इनके इरादे ठीक नहीं है। कांग्रेस नेता फिर से 90 के दशक वाला जैसा माहौल जम्मू-कश्मीर में बनाना चाहते हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के कांग्रेस विधायक दल के नेता गुलाम अहमद मीर ने कहा कि उनकी पार्टी कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे को कम करने और विभाजन के खिलाफ लोगों की नाराजगी का समर्थन किया था और किया है।

## बस स्टैंड के पास गांजा तस्करी करते पकड़ा गया आरोपियों को रंगेहाथ

**रायपुर( समय दर्शन )।** रायपुर में 2 अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देश पर रायपुर पुलिस द्वारा निजात अभियान के तहत नशे के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें समस्त थाना एवं एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रहीं है। नारकोटिक्स एक्ट पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की विशेष टीम का गठन किया गया है साथ ही समस्त थाना प्रभारियों को नशे की सामाग्री बिक्री करने वालों एवं सप्लाई करने वालों पर कठोर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में दिनांक 07.11.24 को एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना पुरानीबस्ती क्षेत्रांतर्गत राधास्वामी नगर स्थित हनुमान मंदिर बस स्टैण्ड पास 02 व्यक्ति अपने पास बैग में गांजा रखें है तथा कहीं जाने की फिराक में है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम दौलत राम पोर्ते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध संदीप मित्तल, नगर पुलिस अधीक्षक पुरानी बस्ती योगेश देवांगन एवं उप पुलिस अधीक्षक क्राईम संजय सिंह द्वारा प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी पुरानी बस्ती को सूचना की तस्दीक कर आरोपियों को गांजा के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना पुरानी बस्ती पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्तियों को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम हीरा लाल साहू एवं मोती रायकवार निवासी मध्यप्रदेश का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखे बैग की तलाशी लेने पर बैग में गांजा रखा होना पाया गया। पूछताछ में आरोपियों द्वारा गांजा को उड़ीसा से लाना बताया गया है।

## सार समाचार

### अवैध शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**रायपुर( समय दर्शन )।** राजधानी पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्र में अवैध शराब बेचने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 87 पाव देशी शराब व बाइक जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार खरोरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर स्टेडियम के पास आरोपी देवप्रसाद पारधी 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 22 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं अभनपुर पुलिस ने आरोपी चुनेश्वर साहू 45 वर्ष के पास से 18 पाव देशी शराब जब्त किया है। इसी तरह गोबरानवापारा पुलिस ने ग्राम पारागांव में बाइक सवार युवक आरोपी अशोक साहू 29 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 47 पाव देशी शराब जब्त किया है।

### रंजिश को लेकर दो पक्ष भिड़े

**रायपुर( समय दर्शन )।** ग्राम बरौदा के बाजार चौक में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से ग्राम बरौदा निवासी हितेश बंजारे 20 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी करण निर्मलकर एवं अन्य 2 ने पुरानी रंजिश को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से हेमंत निर्मलकर 25 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी शिव बघेल, भालू व अन्य ने पुरानी रंजिश को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। दोनों पक्षों की शिकायत पर पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### युवा जागृति मंच ने मनाया गोपाष्टमी

**रायपुर( समय दर्शन )।** स्वामी विवेकानंद युवा जागृति मंच के युवाओं द्वारा शनिवार को गोपाष्टमी पर्व पर गौ माताओं की पूजा अर्चना की गई युवा जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष जीवन साहू ने बताया कि आज मंच के सदस्य द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर जाकर गौ माता की पूजा अर्चना कर गौ माता को ग्रास और रोटी तथा गुड खिलाई गई गोपाष्टमी के दिन गौमाता का विशेष पूजन भी किया किया गया श्री साहू ने गोपाष्टमी की महिमा बताते हुए कहा कि कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को गोपाष्टमी तिथि कहा जाता है स्कंद पुराण के अनुसार गौ माता में सर्व तीर्थों और सर्व देवताओं का निवास बताया गया है कि देशी गाय के दर्शन से पवित्रता आती है पापो का नाश होता है गाय की चरण रज का तिलक करने से भाग्य की रेखा बदल जाती है गाय की परिक्रमा करने से मनोकामना सिद्धि होती है धन स्थिर होता है तथा सौभाग्य की वृद्धि होती है।

## भाजपा के कार्यकाल की बातें करने वाले कांग्रेस नेता ढेबर के कार्यकाल की बातें क्यों नहीं कर रहे -संदीप शर्मा

**भाजपा प्रदेश प्रवक्ता शर्मा ने रायपुर दक्षिण के चुनावी मैदान से महापौर ढेबर की गैर मौजूदगी को लेकर निशाना साधा**



**रायपुर( समय दर्शन )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने कहा है कि रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में गुटबाजी से उपजी कांग्रेस की अंदरूनी कलह सतह पर आ गई है और एक तरफकांग्रेस के अनेक नेता जहाँ खुद चुनावी गतिविधियों से दूर हो चले हैं, वहीं दूसरी तरफ पार्टी के बड़े नेताओं ने उन चेहरों को कांग्रेस की चुनावी रणनीतियों से दूर कर रखा है, जिनका कार्यकाल भ्रष्टाचार के आरोपों से दागदार रहा है। श्री शर्मा ने रायपुर दक्षिण के चुनावी मैदान से महापौर एजाज ढेबर की गैर मौजूदगी को लेकर निशाना साधते हुए कहा कि कभी ढेबर के लिए कशीदे पढ़ने वाले कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा अब उनका नाम तक लेने से परहेज कर रहे हैं! भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री शर्मा ने कहा कि रायपुर नगर निगम की सत्ता में पिछले 15 वर्षों से कांग्रेस काबिज है, जिनमें से पिछले पाँच सालों में प्रदेश की सरकार भी कांग्रेस की रही। अपने डेढ़ दशकों के कार्यकाल में कांग्रेस के महापौरों ने शहर के विकास के नाम पर न तो एक ईंट रखी और न ही जनसमस्याओं के निराकरण की कोई ठोस पहल की। पूरे डेढ़ दशकों से नगर निगम में कांग्रेस ने केवल, और केवल भ्रष्टाचार करने का काम किया। श्री शर्मा ने सवाल किया कि नगर निगम में भाजपा के बीते कार्यकाल की बातें करने वाले कांग्रेस नेता अपनी पत्रकार वार्ता में ढेबर के मौजूदा कार्यकाल की बातें क्यों नहीं कर रहे हैं? पिछले पाँच सालों में महापौर ढेबर ने नगर निगम को भ्रष्टाचार का अड्डा बनाकर रख दिया था। शहर की जनता से किए गए एक भी वादे को पूरा करने के बजाय कांग्रेस के लोगों ने घपलों-घोटालों पर अपना पूरा ध्यान केंद्रित रखा। ढेबर के कार्यकाल में ही यूनीपोल घोटाला करके कांग्रेस ने नगर निगम को आर्थिक चोट पहुँचाई। स्मार्ट सिटी फंड की राशि का खुलकर दुरुपयोग किया गया। बहुत सारा टेंडर घोटाला हुआ है। बिना टेंडर के काम करवाए गए। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री शर्मा ने कटाक्ष करते हुए कहा कि यही कारण है कि ढेबर को इस पूरे चुनावी संग्राम में हाशिए पर धकेल दिया गया है।

## प्रेस क्लब में नि: शुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर 80 पत्रकारों और परिजनों का परीक्षण



**रायपुर( समय दर्शन )।** रायपुर प्रेस क्लब एवं श्रीधर औषधालय व पंचकर्म केन्द्र रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार, 8 नवंबर को दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक नि:शुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन रायपुर प्रेस क्लब, स्व. मधुकर खेर स्मृति भवन, मोतीबाग में किया गया है। शिविर में डॉ. अभिषेक शर्मा, एमडी, पंचकर्म, बैंगलोर, डॉ. गुलशन कुमार सिन्हा, आयुर्वेद चिकित्सक द्वारा जोड़ों का दर्द, घुटना दर्द, कमर दर्द, गठिया वात, पंचकर्म संबंधी समस्त परामर्श एवं नाड़ी परीक्षण किया। शिविर में नि:शुल्क आयुर्वेदिक दवाईयों का वितरण भी किया गया। शिविर में प्रेस क्लब के 80 से अधिक सदस्यों और उनके परिजनों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया। प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर ने कहा कि प्रेस क्लब सदस्यों और उनके परिजनों के स्वास्थ्य की चिंता उनकी प्राथमिकता में है। इसलिए लगातार स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन प्रेस क्लब में किया जा रहा है। आयुर्वेद चिकित्सा की प्राचीनतम तकनीक है। इससे कई असाध्य रोगों से छुटकारा मिलता है। इसी को ध्यान में रखकर आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

### आईपीएस अफसरों के प्रभार में फेरबदल के संकेत

**रायपुर( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ के गृह विभाग में जल्द ही बड़ा फेरबदल देखने को मिल सकता है । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रायपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह की छुट्टी हो सकती है और उन्हें पुलिस हेडक्वार्टर, नया रायपुर भेजा जा सकता है । वहीं दुर्ग जिले के पुलिस कप्तान जितेंद्र शुक्ला को रायपुर का नया एसएसपी बनाया जा सकता है । बिलासपुर के पुलिस कप्तान रजनेश सिंह को दुर्ग जिले की कमान दी जा सकती है । बलौदाबाजार के पुलिस कप्तान विजय अग्रवाल को बिलासपुर जिले की जिम्मेदारी दी जा सकती है । इन जिलों के अलावा और भी कई जिलों के पुलिस कप्तानों की तबादला सूची संभवत: अगले सप्ताह जारी हो जाएगी । राजधानी में अपराधों के बढ़ते ग्राफ के कारण रायपुर एसएसपी की विदाई तय है । वहीं बाकी जिलों के पुलिस कप्तानों को भी उनके प्रदर्शन के आधार पर अन्य जिलों में शिफ्टिंग की पूरी तैयारी है । दुर्ग में निगरानी बदमाश के एनकाउंटर का लाभ जितेंद्र शुक्ला को मिलने वाला है और उन्हें अब रायपुर के एसएसपी के तौर पर जिम्मेदारी मिलने वाली है । बिलासपुर में बेहतर पुलिसिंग करने वाले रजनेश सिंह को दुर्ग जिले की कमान मिल सकती है।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में छठ पूजा के दौरान पूजा-अर्चना की।



### छत्तीसगढ़ में सुबह हल्की ठंड का अहसास, कड़ाके की ठंड के लिए अभी और करना होगा इंतजार

**रायपुर( समय दर्शन )।** दीपावली के बाद अब छठ पर्व बीत गया लेकिन अब तक छत्तीसगढ़ में ठंड अपने चरम पर नहीं पहुंचा है। रात व सुबह के समय हल्की ठंड का अहसास हो रहा है लेकिन वह भी इतना नहीं कि लोग गर्म कपड़े निकाल लें। छत्तीसगढ़ में कड़ाके की ठंड के लिए अभी और इंतजार करना होगा। मौसम विभाग की माने तो छत्तीसगढ़ में आगामी पांच दिनों में न्यूनतम तापमान में बदलाव की संभावना नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में शुष्क हवाओं की वजह से तापमान में गिरावट हो रही है। राज्य के अन्य इलाकों में भी तापमान कम हो रहा है। कुछ इलाकों में तो तापमान सामान्य से भी नीचे चला गया है। मौसम एक्सपर्ट का कहना है कि प्रदेश में आगामी पांच दिनों में न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने कि संभावना नहीं है। आगामी कुछ दिनों तक मौसम शुष्क रहने कि संभावना है। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 32.4 डिग्री बीजापुर में दर्ज किया गया है। वहीं सबसे कम न्यूनतम तापमान 15.4 डिग्री सेल्सियस अम्बिकापुर में दर्ज किया गया है। गुरुवार को छत्तीसगढ़ के अधिकतर जिलों में तापमान सामान्य से ज्यादा ही रहा। रात के तापमान में जरूर कमी आई है। रायपुर माना एयरपोर्ट में अधिकतम तापमान 31.5 डिग्री और न्यूनतम 19.6 डिग्री रहा।

## नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने रायपुर दक्षिण में चुनाव प्रचार किया



**रायपुर( समय दर्शन )।** नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में जनसम्पर्क किया। जिसमें टिकरापारा के मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड क्रमांक 59, सुंदर नगर के पंडित सुंदर लाल शर्मा वार्ड क्रमांक 42, बैरनबाजार के पंडित भगवती चरण शुक्ल वार्ड क्रमांक 57 में जनसंपर्क कर कांग्रेसजनों से भेंट एवं सामाजिक बैठक किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने युवा उर्जावान प्रत्याशी आकाश शर्मा को चुनाव मैदान में उतारा है। कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा जनता की आकांक्षाओं पर खरा उतरेंगे। आकाश जैसे युवा लड़का, काम करने वाला और काम को सुनने वाला युवा लड़का चाहिये जिसके लिये जनता से आर्शिवाद मांगने आये है। जब से भाजपा की सरकार आई है लूट-खसोट, हत्या, बलात्कार, दंगा जैसे अनेको काम शुरू हो गया है। बलौदाबाजार में धार्मिक स्थल पर तोड़फोड़ हुआ सरकार ने ध्यान नहीं दिया। एसपी, कलेक्टर कार्यालय जला दिया गया। लोहारीडीह में एक आदमी की हत्या के बाद पुलिस की लापरवाही के कारण एक व्यक्ति को जिंदा जला दिया गया। उसके बाद एक की पुलिस प्रताड़ना से मौत हो गयी। सूरजपुर में जनता का आक्रोश सरकार के खिलाफ इतना ज्यादा था कि एसडीएम को मारने भीड़ ने दौड़ा दिया। बलरामपुर के थाने में मौत के बाद महिलाओं ने पुलिस थाने पर हमला किया, महिला आईपीएस पर आक्रमण हुआ। प्रदेश की रोज-रोज घट रही आपराधिक घटनाओं उन घटनाओं के बाद जनता की प्रतिक्रिया यह बताने के लिये पर्याप्त है। प्रदेश में अराजकता का माहौल है।

### सूने मकान से नकदी सहित जेवर पार

**रायपुर( समय दर्शन )।** चुनाभट्टी आखरी डबरापारा स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर नकदी सहित सोने-चांदी के जेवर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गंज थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी विनोद कुमार वर्मा 35 वष चुनाभट्टी आखरी डबरापारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि 1 से 4 नवम्बर के मध्य अज्ञात चोर ने प्रार्थी के सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नकदी 13 हजार सहित सोने-चांदी के जेवर पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 79900 रुपए के आसपास बताया जा रहा है। प्रार्थी की शिकायत पर गंज थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## संपादकीय

# देश में आतंक का माहौल

सुरक्षा के मोर्चे पर चुस्ती और सख्ती के तमाम दावों के बावजूद देश में आतंक का माहौल क्यों लौट रहा है? झूठी धमकियां देने वालों या हमले की तैयारी में लगे समूहों के बारे में खुफिया एजेंसियां पूर्व सूचना क्यों नहीं जुटा पा रही हैं? जम्मू-कश्मीर में निर्वाचित सरकार के पद संभालने के कुछ दिनों के अंदर ही आतंकवादियों ने कहर ढाया है। श्रीनगर-लेह राजमार्ग पर सोनमर्ग के पास रविवार को उनके हमले में सात लोग मारे गए। इनमें ज्यादातर दूसरे राज्यों से आए कर्मी हैं, जो वहां निर्माण कार्य में लगे थे। दो बातें खास हैं। कश्मीर घाटी में जारी निर्माण कार्यों से संबंधित स्थल पर हाल के वर्षों में हुआ यह पहला हमला है। फिर यह वहां हुआ, जिसके बारे में पिछले एक दशक से माना जाता था कि वह इलाका आतंकवाद के साये से मुक्त हो चुका है। बताया गया है कि ताजा हमला पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों ने किया। जिस रोज यह हमला हुआ, उसी दिन नई दिल्ली के रोहिणी इलाके में सीआरपीएफ पब्लिक स्कूल के बाहर बम धमाका हुआ, जिससे स्कूल परिसर की बाउंड्री वॉल क्षतिग्रस्त हो गई। प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। उधर रविवार को ही 25 उड़ानों के दौरान उनमें बम होने की धमकी मिली, जिस वजह से उनकी इमरजेंसी लैंडिग करानी पड़ी। इसके पहले शनिवार को 30 से ज्यादा उड़ानों को ऐसी धमकियां मिली थीं। ये सभी फर्जी निकलीं, मगर दोनों दिन इनकी वजह से हवाई यात्राएं बाधित हुईं और यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। दरअसल, थोड़ा पीछे जाकर देखें, तो काफी समय से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में स्कूलों और अस्पतालों में बम होने की धमकियां मिल रही हैं। अब तक ये धमकियां फर्जी साबित हो रही थीं, लेकिन रविवार को आखिरकार सचमुच विस्फोट हो गया। ऐसी घटनाओं ने देश में आतंक का माहौल लौटा दिया है। इससे सवाल उठा है कि सुरक्षा के मोर्चे पर चुस्ती और सख्ती के तमाम दावों के बावजूद देश में ये माहौल क्यों लौट रहा है? झूठी धमकियां देने वालों या हमले की तैयारी में लगे समूहों के बारे में खुफिया एजेंसियां पूर्व सूचना क्यों नहीं जुटा पा रही हैं? जम्मू-कश्मीर का मामला ज्यादा गंभीर है। जम्मू क्षेत्र आतंकवादी हमलों के नए ठिकाने के रूप में उभरा है, जबकि अब कश्मीर घाटी में भी ऐसी वारदातों ने फिर सिर उठा लिया है। आखिर क्यों?

# तेल की धार : जारी है मार

**भूपेन्द्र गुप्ता**

अभी-अभी कमर्शियल गैस कनेक्शन की कीमतों में 62 रुपए प्रति सिलेंडर की वृद्धि कर दी गई है । सरकार इस बात की बार-बार दुहाई दे रही है कि पेट्रोल और डीजल की कीमतें तो स्थिर हैं। 2014 में जब सरकार ने तेल की कीमतों में निरंतर वृद्धि की थी और पेट्रोल 59 रुपये प्रति लीटर से उछलते उछलते 108 रुपये तक पहुंचा था, तब बार-बार सरकार यह बताती थी कि तेल की कीमतें अंतरराष्ट्रीय बाजार पर निर्भर है। जैसे-जैसे दुनिया में कच्चे तेल की कीमत बढ़ती हैं वैसे-वैसे पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ाना सरकार की मजबूरी है। यह नीति मनमोहन सिंह की यूपीए सरकार ने तब बनाई थी जब कच्चा तेल 120डालर प्रति बैरेल पर घूम रहा था और कीमतों के दबाव से बचने के लिए उन्होंने आइल पूल डिफिसिट फंड बनाया था वह बाजार के उतार-चढ़ाव को एब्जार्व करता था। इसीलिये कच्चा तेल 124 डालर होने के बावजूद पेट्रोल 58-59 रुपये लीटर मिल रहा था।

अभी-अभी मोदी सरकार के मंत्री हरदीप सिंह पुरी कई तथ्यों के साथ सामने आए हैं । उन्होंने खुलासा किया है कि देश ने जैव ईंधन यानि एथेनाल के मिश्रण से लगभग एक लाख 6 हजार करोड़ की विदेशी मुद्रा बचाई है।विचारणीय है कि

मनमोहन सिंह की यूपीए सरकार ने जब एथनाल नीति बनाई थी तो उसका आशय यही था कि आयात निर्भरता घटाकर आम उपभोक्ता को लाभ पहुंचाया जाये ।वर्ष 2014 तक मिश्रित ईंधन की कैलोरिक गुणवत्ता प्रायोगिक और शुरुआती दौर में थी,अत॰ एथेनाल का प्रयोग पेट्रोल की कुल खपत का 1.53 फीसदी तक ही था।यह खपत अब 2023-24 में कुल खपत के 15 फीसदी तक पहुंच गई है ।लेकिन इस बचत का लाभ न तो उपभोक्ता को ही मिल रहा है न ही आयात निर्भरता में कमी ही आई है।2014 में हमारी सकल घरेलू खपत के मुकाबले आयात निर्भरता लगभग 70 फीसदी थी जो अब बढ़कर बकौल मंत्री हरदीप सिंह के 88 फीसदी पर पहुंच चुकी है।इसे नौ दिन चले अढ़ाई कोस ही कहा जा सकता है।क्योंकि अगर नीतियां सात-आठ साल में भी परिणाम न दें तो उनकी समीक्षा लाजिम हो जाती है। इनवेस्टमेंट इनफार्मेशन एंड क्रेडिट कंपनी (ईक्रा) की रिपोर्ट बताती है कि कच्चे तेल की कीमतें 12 फीसदी कम हुई है। रूस ने हमें बाजार से सस्ता क्रूड आइल देकर विगत तीन साल से निहाल किया है । इसका लाभ न तो उपभोक्ता को मिला न ही अर्थव्यवस्था को।विभिन्न तकनीकि अनुमान बताते हैं कि अगर एक डालर प्रति बैरैल कच्चे तेल की कीमत घटती है तो कंपनियों को 13 हजार करोड़ की बचत होती है।कच्चा तेल 84 डालर प्रति बैरेल से घटकर 72 डालर पर आ गया है यानि 12 डालर प्रति बैरेल कीमतें गिर गई हैं।।जबकि एक सरकारी आंकड़े के अनुसार मार्च से अब तक 15 रुपये प्रति लीटर पेट्रोल और 12 रुपये प्रति लीटर डीजल पर मुनाफा बढ़ गया है।60 हजार करोड़ की आयात बिल में बचत हुई है।544 लाख टन कार्बन उत्सर्जन में कमी आयी है। देशी सरकारी कंपनियों इंडियन आइल को 39 हजार 619 करोड़,भारत पेट्रोलियम को 26हजार 673 करोड़ एवं हिन्दुस्तान पेट्रोलियम को 14 हजार 694 करोड़ का मुनाफा हुआ है अगर इसी अनुपात में कीमतें भी घटतीं तो परिवहन कास्ट कम से कम 20 फीसदी नीचे आ जाती ।परिवहन घटता तो उत्पादन की कीमतें घटतीं,मंहगाई नीचे आती आम नागरिक के जेब में पैसा बचता तो आर्थिक गतिविधियां तेज होतीं।खपत बढ़ती और इस मुनाफे की खुशी भारत के आम व्यक्ति के चेहरे पर भी झलकती। तेल की कीमतों की बाजार से संबद्धता की नीति भी केवल जुमला साबित हुई है।करोड़ों उभोक्ताओं क्रूड आइल की बढ़ती कीमतों के दौर में में सरकार और कंपनियों का साथ दिया है लेकिन कंपनियाँ घटती कीमतों के दौर में जनता का साथ देने से बच रहीं हैं।जब पतली है तेल की धार तो क्यों जारी है मार ..!!

# विशेष दर्जे की बहाली का प्रस्ताव अंधेरों की आहट

**ललित गर्ग**



नेशनल कॉन्फ्रेंस एवं उमर अब्दुला सरकार ने सदन में अपने बहुमत का लाभ उठाते हुए बुधवार को बिना अनुच्छेद 370 की पुर्नबहाली शब्द का इस्तेमाल कर, विशेष दर्जे की बहाली का प्रस्ताव तीखी झड़पों, हाथापाई, लात-घूंसे एवं शोरशराबे के बीच ध्वनिमत से पारित करा, साबित कर दिया है, वह पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के साथ इस होड़ में पीछे रहने के मूड में नही है। ऐसा लगता है कि जम्मू कश्मीर में अलगाववाद और तुष्टिकरण की राजनीति फिर से परवान चढ़ने लगी है, आम कश्मीरी अवाम को गुमराह कर उसे बर्बादी की तरफ धकेलने की कुचेष्टाएं प्रारंभ हो गयी है। इस पारित प्रस्ताव में केंद्र सरकार से कहा गया है कि वह विशेष दर्जा वापस देने के लिए राज्य के प्रतिनिधियों से बातचीत करे। बुधवार को नवगठित राज्य विधानसभा में जब यह प्रस्ताव उप-मुख्यमंत्री सुरिंदर सिंह चौधरी ने पेश किया, तभी यह स्पष्ट हो गया था कि चौधरी का चयन ही इसलिए किया गया है कि भारतीय जनता पार्टी इसे सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश न कर सके। लेकिन भाजपा ने एक विधान एक निशान और राष्ट्रवाद के प्रति अपनी संकल्पबद्धता को दोहराते हुए इस प्रस्ताव का विरोध कर बताया कि वह प्रत्यक्ष तो क्या परोक्ष तौर पर भी किसी को घड़ी की सुइयां पीछे मोढ़ने की अनुमति नहीं देगी। जब तक केन्द्र में भारतीय जनता पार्टी की नरेन्द्र मोदी सरकार है, कोई भी अनुच्छेद 370 और 35ए को वापस नहीं ला सकता। अनुच्छेद 370 एक मरा हुआ सांप है, जिसे वह एक गले से दूसरे गले में डाल, जहर, आतंक एवं हिंसा फैलाने के षडयंत्र को सफल नहीं होने देगी। कश्मीर के नेताओं को समझना ही होगा कि पूरे भारत में अनुच्छेद 370 को लेकर जैसा जनमानस है, उसे देखते हुए अनुच्छेद 370 की वापसी असंभव है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर की धरती पर अनेक सकारात्मक स्थितियां उद्घाटित हुई है, विशेषतः लोकतंत्र को जीवंतता मिली है, वहां की अवाम ने चुनावों में बढ़-चढ़कर भाग लिया, शांति एवं विकास से इस प्रांत में एक नई इबारत लिखी जाने लगी है। जम्मू-कश्मीर हमारे देश का वो गहना है जिसे जब तक सम्पूर्ण भारत के साथ जोड़ा नहीं जाता, वहां शांति, आतंकमुक्ति एवं विकास की गंगा प्रवहमान नहीं होती, अधूरापन-सा नजर आता रहा है। इसलिए इसे शेष भारत के साथ हर दृष्टि से जोड़ा जाना महत्वपूर्ण है और यह कार्य मोदी एवं उनकी सरकार ने करके एक नये सूरज को उदित किया है, अब उस सूरज को अस्त नहीं होने दिया जायेगा। बड़ी जद्दोजहद से वहां एक नया दौर शुरू हुआ है, अब इस सुनहरे एवं उजले दौर को स्वार्थी एवं सत्ता की अलगाववादी एवं विघटनकारी राजनीति की भेंट नहीं चढ़ने देना चाहिए।

भारत की महानता उसकी विविधता में है। साम्प्रदायिकता एवं दलगत राजनीति का खेल, उसकी विविधता में एकता की पीठ में छुरा भोंकता रहा है, घाटी उसकी प्रतीक बनकर लहूलुहान रही है। जब हम नये भारत-सशक्त भारत बनने की ओर अग्रसर हैं, विश्व के बहुत बड़े आर्थिक बाजार बनने जा रहे हैं, विश्व की एक शक्ति बनने की भूमिका तैयार करने जा रहे हैं, तब हमारे मस्तक के ताज जम्मू-कश्मीर को जाति, धर्म व स्वार्थी राजनीति से बाहर रखना सबसे बड़ी जरूरत है। इसी दिशा में घाटी को अग्रसर करने में मोदी सरकार के प्रयत्न सराहनीय एवं स्वागतयोग्य रहे हैं। घाटी की कमजोर राजनीति एवं साम्प्रदायिक आग्रहों का फायदा पडोसी उठा रहे हैं, जिनके खुद के पांव जमीन पर नहीं वे आंख दिखाते रहे हैं। अब ऐसा न होना, केन्द्र की कठोरता एवं सशक्तीकरण का द्योतक हैं। कश्मीर के तथाकथित राजनीतिक कर्णधारों! अलगाववाद और तुष्टिकरण की राजनीति छोड़ो। अगर तेवर ही दिखाने हैं तो देश के दुश्मनों को दिखाओ, पडौसी देश के मनसूंबों को निस्तेज करों। अतीत की राजनीतिक भूलों को सुधारना और भविष्य के निर्माण में सावधानी से आगे कदमों को बढ़ाना, जम्मू-कश्मीर की चुनी हुई सरकार का संकल्प होना चाहिए।

विशेष राज्य का दर्जा पाने के मसले पर नेशनल कॉन्फ्रेंस जहां खड़ी है, पीडीपी उससे दो कदम आगे रहना चाहती है। ऐसे करके नेशनल कान्फ्रेंस और पीडीपी सरीखे दल यहां अलगाववाद और एक वर्ग विशेष की तुष्टिकरण की राजनीति को जारी रखना चाहते हैं, वह यहां फिर से अलगाववाद को पैदा करना चाहते हैं, आम कश्मीरी अवाम को गुमराह कर उसे बर्बादी की तरफ धकेलना चाहते हैं, तभी अनुच्छेद 370 की बहाली का प्रस्ताव लाये हैं। जबकि अनुच्छेद 370 के हटने से घाटी में एक उजाला अवतरित हुआ है, अब फिर से घाटी को अंधेरों से नहीं घिरने देना चाहिए। भले ही नेशनल कॉन्फ्रेंस ने जम्मू-कश्मीर का चुनाव ही इसी घोषणा के साथ लड़ा और जीता है कि वह भारतीय संविधान में राज्य को उसका विशेष दर्जा वापस दिलाएगी। इसीलिये नेशनल कॉन्फ्रेंस ने सत्ता में आते ही पहला काम यही किया और विधानसभा ने राज्य को विशेष दर्जा दिए जाने का प्रस्ताव पारित कर दिया।

नेशनल कान्फ्रेंस को लगता है कि विशेष दर्जे के मुद्दे से कुछ लोगों के तार भावनात्मक रूप से जुड़े हैं, इसलिए ज्यादा अतिवादी रूख अपनाकर इसका कुछ राजनीतिक फायदा उठाया जा सकता है। दोनों ही प्रमुख दल इस मुद्दे का राजनीतिक लाभ उठाने की होड़ लगाते हुए दिख रहे हैं। तभी मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की टिप्पणी थी कि यह पीडीपी का केवल प्रचार स्टंट है और उसके विधायक सिर्फकैमरे के आगे आने के लिए यह सब कर रहे हैं। मगर उमर अब्दुल्ला जो बात पीडीपी के लिए कह रहे हैं, वही शायद उनके लिए भी कही जा सकती है, वरना वह भी यह जानते हैं कि 5 अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के जिस अनुच्छेद 370 को खत्म किया गया था, उसकी वापसी अब इतनी आसान नहीं है। वैसे भी, इतना तो उन्हें पता ही होगा कि सिर्फ विधानसभा में प्रस्ताव पारित हो जाने भर से अनुच्छेद 370 वापस आने वाला नहीं है। फिर इस समय केंद्र में भाजपा सरकार है, जो किसी भी तरह से इस पर विचार करने के मूड में नहीं है। उसकी नजर में यह एक कागज का टूकड़ा है, जो बिना विचार के रद्दी की टोकड़ी में ही जाने वाला है।

अनुच्छेद 370 को लेकर कश्मीर की जनता और राजनेताओं, दोनों को समझना ही होगा कि 70 साल तक विशेष दर्जा होने के बावजूद इससे राज्य का कोई बहुत भला नहीं हुआ। देश की मूल धारा से कटकर यह प्रांत अंधेरों से घिरा रहा है। हिंसा एवं आतंकवाद की त्रासदी को झेलते हुए विकास एवं शांति की बाट जोहता रहा है। अब विशेष दर्जा हटाने का राज्य को बहुत लाभ मिला है, वहां विकास एवं जनकल्याण के काम तेजी से हो रहे हैं, न केवल विकास योजनाएं आकार ले रही है, बल्कि वहां शांति एवं सौहार्द का वातावरण बना है, आतंकवादी घटनाओं पर भी नियंत्रण किया जा सका है। मोदी की सरकार ने जम्मू-कश्मीर के विकास को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया है। देश के साथ दुनिया को यह संदेश दिया गया कि कश्मीर में किसी का हस्तक्षेप स्वीकार्य नहीं, कश्मीर भारत का ताज है और हमेशा रहेगा। घाटी के राजनीतिक दलों को वहां के अवाम के हित में सोचना चाहिए। क्योंकि अनुच्छेद 370 के खत्म होने से राज्य का कोई नुकसान हुआ, ऐसा नहीं दिखता। इसलिए जम्मू-कश्मीर को अब ऐसी राजनीति की जरूरत है, जो विशेष दर्जे से इतर तरक्की का नया खाका खींचे। अनुच्छेद 370 का खत्म होना इसलिये ही महत्वपूर्ण माना जा रहा है कि वहां के लोगों ने साम्प्रदायिकता, राष्ट्रीय-विखण्डन, आतंकवाद तथा घोटालों के जंगल में एक लम्बा सफर तय करने के बाद अमन-शांति, सौहार्द एवं विकास को साकार होते हुए देखा है। उनकी मानसिकता घायल थी तथा जिस विश्वास के धरातल पर उसकी सोच ठहरी हुई थी, वह भी हिली है। जम्मू-कश्मीर में शांति और सौहार्द के साथ लोकतंत्र और विकास की नई इबारत लिखी गयी है। जम्मू-कश्मीर को अशांत और संवेदनशील क्षेत्र बनाए रखने की कोशिश में लगे तत्वों एवं राजनीतिक दलों से सावधान रहने की जरूरत है, भले ही वे नेशनल कॉन्फ्रेंस हो या पीडीपी या अन्य पाकिस्तान परस्ती राजनीतिक दल।

# राजनीतिक मकसद साधने की मंशा न हो

**अजीत द्विवेदी**

केंद्र सरकार ने जनगणना की अधिसूचना जारी नहीं की है, लेकिन एक, जनवरी 2025 से प्रशासनिक सीमाएं सील हो जाएंगी और उससे पहले भारत के महापंजीयक और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण का कार्यकाल अगस्त 2026 तक बढ़ा दिया गया है, जिससे यह संकेत मिल रहा है कि अगले साल जनगणना होगी। उसके अगले साल यानी 2026 में लोकसभा सीटों का परिसीमन होगा और फिर इसी आधार पर 2029 में साथ होने वाले चुनाव में एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की जाएंगी। इस बीच तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने एक बड़ा सवाल उठाया है। उन्होंने एक सामाजिक कार्यक्रम में, जहां 16 नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया जाना था, वहां कहा कि %जब हम ऐसी स्थिति का सामना कर रहे हैं, जहां संसद में सीटों की संख्या कम होने वाली है तो हमें छोटा परिवार क्यों रखना चाहिए'?

इसके आगे उन्होंने नवविवाहित जोड़ों से ज्यादा बच्चे पैदा करने और उन्हें सुंदर तमिल नाम देने का आग्रह किया। हालांकि उन्होंने संसद में सीटों की संख्या कम होने के बारे में विस्तार से कुछ नहीं कहा लेकिन उनका इशारा परिसीमन के बाद की स्थितियों की ओर था। उनसे पहले आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने भी लोगों से ज्यादा बच्चे पैदा करने का आग्रह किया था। हालांकि उनका घोषित सरोकार यह था कि दक्षिण के राज्यों में आबादी बूढ़ी हो रही है और कामकाजी युवाओं की संख्या कम हो रही है। परंतु कहीं न कहीं वे भी इस बात से चिंतित हैं कि अगर आबादी के आधार पर लोकसभा सीटों का परिसीमन हुआ तो दक्षिण के राज्यों की राजनीतिक हैसियत घटेगी। तभी यह बड़ा सवाल है कि लोकसभा सीटों के परिसीमन का आधार क्या होगा? क्या सीधे तौर पर जनसंख्या के हिसाब से सीटों की संख्या में बढ़ोतरी कर दी जाएगी? अगर ऐसा हुआ तो उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र जैसे बड़ी आबादी वाले राज्यों को फायदा होगा और दक्षिण भारत के राज्य घाटे में रहेंगे। तभी चंद्रबाबू नायडू और एमके स्टालिन की चिंता सामाजिक या आर्थिक नहीं, बल्कि राजनीतिक दिखती है। यह चिंता क्षेत्रीय वर्चस्व और फिर अस्मिता की राजनीति में भी बदल सकती है, जिससे एक बड़ा खतरा पैदा हो सकता है।

इसलिए सरकार को परिसीमन के फॉर्मूले के बारे में तर्कसंगत तरीके से विचार करना होगा और उस पर सभी दलों व राज्यों की सहमति अनिवार्य रूप से लेनी होगी। ध्यान रहे लोकसभा सीटों का परिसीमन जम्मू कश्मीर की तरह नहीं होगा, जहां मनमाने तरीके से भौगोलिक सीमाओं का ध्यान रखे बगैर इस तरह से विधानसभा सीटों का सीमांकन हुआ कि जम्मू क्षेत्र में छह सीट बढ़ गई और कश्मीर घाटी में सिर्फ एक सीट बढ़ी।

आजादी के बाद से मोटे तौर पर आबादी के आधार पर ही लोकसभा और विधानसभा सीटों की संख्या तय होती रही है। तभी उत्तर प्रदेश में 80 सीटें हैं और तमिलनाडु में 39 हैं। लेकिन आजादी के बाद राज्यों ने जनसंख्या नियंत्रण के उपायों को अलग अलग तरीके से लागू किया। आर्थिक रूप से विकसित राज्यों ने बेहतर ढंग से जनसंख्या नियंत्रण का किया तो उनके यहां जनसंख्या वृद्धि की दर राष्ट्रीय औसत से काफी नीचे आ गई। दक्षिण के राज्यों में तो जनसंख्या बढने की दर रिप्लेसमेंट रेट से भी कम है। रिप्लेसमेंट रेट 2.1 है। इसका मतलब होता है कि अगर दो लोग मिल कर 2.1 बच्चे पैदा करते हैं तो जनसंख्या नहीं बढ़ेगी वह स्थिर हो जाएगी। दक्षिण के राज्यों में जनसंख्या बढने की दर 1.6 फीसदी है, जो रिप्लेसमेंट रेट से काफी कम है, जबकि उत्तर के राज्यों खास कर बिहार और उत्तर प्रदेश में वृद्धि दर रिप्लेसमेंट रेट से ज्यादा है।

ऐतिहासिक रूप से यह स्थिति रही है तभी दक्षिण के राज्यों में आबादी नियंत्रित हो गई और उत्तर भारत के राज्यों में बढ़ती चली गई। हालांकि अब वहां भी रफ्तार धीमी हो रही है लेकिन उन राज्यों की जनसंख्या बहुत ज्यादा है। अगर इस आधार पर उनकी लोकसभा सीटें बढ़ती हैं तो यह उन राज्यों के साथ अन्याय होगा, जिन्होंने अपने यहां आबादी का बढना रोका। उन्होंने अच्छा काम किया इसके लिए उनको सजा नहीं दी जानी चाहिए।

अगर सरकार पारंपरिक रूप से आबादी को आधार बनाती है और औसतन 20 लाख की आबादी पर एक सीट का फॉर्मूला तय होता है तो दक्षिण के ज्यादातर राज्यों में सीटों में कोई बदलाव नहीं होगा, जबकि उत्तर प्रदेश में सीटों की संख्या 80 से बढ़ कर 120 हो जाएगी। बिहार में 40 से बढ़ कर 70 हो जाएगी। सोचें, इससे इन राज्यों की राजनीतिक हैसियत कितनी बढ़ जाएगी? अगर ऐसा होता है तो ओवरऑल लोकसभा की सीटों में बड़ी बढ़ोतरी करनी होगी। वैसे नए संसद भवन में इसकी तैयारी पहले हो चुकी है। नए संसद भवन में निचले सदन यानी लोकसभा में 880 सांसदों के बैठने की व्यवस्था है। अगर संख्या इतनी नहीं भी बढ़ाएं तब भी आठ सौ तक संख्या जा सकती है। इस फॉर्मूले से यानी आबादी के अनुपात में सीटों की संख्या बढ़ाने का फैसला होता है तो दक्षिण के सभी राज्यों को मिला कर करीब 20 सीट का फायदा होगा। लेकिन उत्तर और पश्चिम भारत के राज्यों में डेढ़ सौ से ज्यादा सीटें बढ़ जाएंगी।

अगर सरकार लोकसभा सीटों की संख्या नहीं बढ़ाने का फैसला करती है तब परिसीमन में जनसंख्या का पैमाना 30 लाख की आबादी पर एक सीट का रखना होगा। अगर ऐसा किया जाता है तब उत्तर प्रदेश में 80 और बिहार में 42 सीटें होंगी। लेकिन ऐसे में कम से कम आठ राज्य ऐसे होंगे, जहां लोकसभा की एक भी सीट नहीं बनेगी क्योंकि उन राज्यों की आबादी 30 लाख से कम है। अगर किसी भी राज्य में जीरो सीट नहीं रखनी है यानी चाहे जितनी आबादी हो उसे कम से कम एक लोकसभा सीट देनी है तो सबसे छोटे राज्य की आबादी के हिसाब से एक सीट का फॉर्मूला बनाना होगा। ऐसे में ओवरऑल सीटों की संख्या में छह सीटों की बढ़ोतरी होगी यानी कुल सीट संख्या 549 हो जाएगी। लेकिन उत्तर प्रदेश में तब भी 12 सीटें बढ़ जाएंगी। बिहार में भी 10 सीटों का इजाफा होगा। राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात आदि में भी ठीक ठाक बढ़ोतरी होगी। इसके बरक्स पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु आदि में सीटों की संख्या घटेगी।

इनमें से कोई भी फॉर्मूला बहुत युक्तिसंगत नहीं लगता है। सीटों की मौजूदा संख्या कायम रखने का कोई मतलब नहीं है क्योंकि आबादी बहुत बढ़ चुकी है और एक सांसद के लिए इतनी बड़ी आबादी का प्रतिनिधित्व करना संभव नहीं है। लेकिन सीटों की संख्या सीधे आबादी के आधार पर बढ़ा देना भी युक्तिसंगत नहीं है। सो, जनसंख्या, भौगोलिक क्षेत्र और जीडीपी तीनों के औसत को आधार बनाना चाहिए। यानी किसी राज्य की जनसंख्या बहुत ज्यादा है और उसका कुछ फायदा उसे मिलता है तो किसी और राज्य को उसका भौगोलिक क्षेत्र ज्यादा बड़ा होने का फायदा मिलना चाहिए तो किसी राज्य को जीडीपी में ज्यादा योगदान करने का फायदा मिलना चाहिए। साथ ही इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि किसी भी राज्य के साथ अन्याय नहीं हो। किसी भी राज्य की राजनीतिक और विधायी हैसियत अनुपात से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। सभी पार्टियों को साथ लेकर उनकी सहमति से परिसीमन का फॉर्मूला तय करना चाहिए। साथ ही इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि इसके पीछे कोई राजनीतिक मकसद साधने की मंशा न हो।

# पटाखों के चलते हिंसा और हत्या

**चेतन उपाध्याय**

इस दीपावली पर पटाखे के कारण देश में जो कुछ हुआ हैं, उनमें से ज्यादातर में हिन्दू बनाम हिन्दू का मामला है। और निष्कर्ष है कि पटाखों के चलते हिंसा और हत्या के ज्यादातर मामलों में, लड़ाई हिन्दू बनाम हिन्दू की है। कोई 8वीं पास विद्यार्थी भी इंटरनेट पर ये सारे सबूत देख सकता है। यानी कि पटाखों ने हिन्दुओं को आपस में ही बँटने पर मजबूर कर दिया है। हालांकि यह भी सच है कि धर्म विरोधी का तमगा मिल जाने के डर से अधिकाँश लोग इस सबको चुपचाप सह लेते हैं।

दूसरी बात यह है कि पटाखे के विरोध में गाँव-गाँव और मोहल्ले-मोहल्ले में हो रहे भयंकर विरोध और हिंसा के तमाम मामले थाने और मीडिया तक पहुँचते ही नहीं हैं। धर्म, परंपरा और उत्सव की आड़ में गुंडागर्दी और अराजकता है। और यह देशहित में नहीं है।

कड़वा सच है कि दीपावली का पटाखा हिन्दुओं को हिन्दुओं से लड़ाने का माध्यम बन गया है। उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में पुलिस और प्रशासन की जानकारी में ऐसे सैकड़ों मामले हैं जहाँ पर पर्व की आड़ में पटाखे का इस्तेमाल अपने दुश्मनों को सताने और हत्या करने में किया जा रहा है। पटाखे के कारण खुशियों का त्योहार नफरत, हिंसा और मातम का त्योहार बन गया है।

विदेशों में हरियाली का प्रतिशत बहुत ज्यादा होता है और यह हरियाली, आतिशबाजी के शोर और धुंए को सोख लेती है। साथ ही विदेशों में पटाखा फोड़ने के लिए एक बड़ा मैदान होता है जहाँ फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी तैयार रहती है। भारत देश में भी बड़े लोगों के घर के पास आप पटाखा नहीं फोड़ सकते, मगर आम आदमी के साथ,आये दिन कभी धर्म की आड़ में डी.जे. तो कभी पटाखे की ऐसी गुंडागर्दी होती ही रहती है और 'धार्मिक' मामला बताकर पुलिस पल्ला झाड़ लेती है।

फिर पुलिस के मूकदर्शक बनने के बाद अपनी और अपने परिवार के सदस्य की जान बचाने के लिए जो भी आदमी, जानलेवा पटाखे का विरोध करता है, उसको धर्म विरोधी कह कर मार दिया जाता है मानो कि पटाखे से लोहवान, गुग्गुलु और चंदन की दिव्य महक आती हो। यह गुंडागर्दी बंद होनी चाहिए।

इसलिए सरकार को चाहिए कि वह आम जनता के साथ ही कोर्ट को बताए कि जिस आतिशबाजी के कारण हर साल अरबों रुपये की संपत्ति आग में स्वाहा हो जाती है, जिस आतिशबाजी के चलते बेजुबान जानवरों की जान खतरे में पड़ जाती है, जिस आतिशबाजी के कारण देश भर के करोड़ों अस्थमा मरीज तड़पड़ाते हैं, जिस पटाखे के कारण लोग अपनी आँख की रोशनी और सुनने की क्षमता खो दे रहे हैं, जिस पटाखे के शोर और धुएं को रोकने की लड़ाई में लोग आपस में मर-कट कर पुलिस और कोर्ट का बोझ बढ़ा रहे हों, वह पटाखा किसी भी धर्म और परम्परा का हिस्सा नहीं हो सकता।

पटाखे पूरी तरह से बंद हो। ना तो शादी-विवाह में, ना दीपावली-होली पर, ना ईद-बारावफात में और ना ही क्रिसमस-नए साल पर। 1947 से पहले और फिर 1947 से 2024 तक क्या हुआ, इसकी चर्चा में समय नहीं गँवा कर, व्यापक जनहित में अभी से पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की सख्त जरुरत है। बारूद की गंध फैलाने का कार्य बंद होना चाहिए और बिना किसी धार्मिक भेदभाव के, साल के 365 दिन, पटाखों पर राष्ट्रव्यापी प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। किसी भी सभ्य समाज में पटाखों का कोई स्थान नहीं है और बारूदी दुर्गंध फैलाने वाले पटाखों के उत्पादन और बिक्री पर पूरी तरह से रोक लगाना ही एकमात्र विकल्प है।

# कोफ्ता बनाने के टिप्स

कोफ्ता का स्वाद लाजवाब लगता है,लेकिन जब भी घर में बनाने चलती है,तो रेस्टोरेंट जैसा नहीं बनता। कभी कोफ्ते सख्त हो जाते हैं तो कभी टूटकर बिखर जाते हैं। अगर आपके साथ भी ऐसा होता है तो कोफ्ते बनाते वक्त इन छोटे-छोटे टिप्स को फॉलो करें। बिल्कुल परफेक्ट बनकर होंगे तैयार।



- अगर आप कोई नॉनवेज कोफ्ता बनाने जा रही हैं तो उसे मुलायम बनाने के लिए एक या दो ब्रेड को पानी में डालें। एक मिनट बाद पानी से निकालकर पानी को अच्छी तरह से निचोड़ दें। अब इस ब्रेड को कोफ्ता के मिश्रण में अच्छी तरह से मिलाएं और कोफ्ता तलें। कोफ्ता मुलायम बनेगा।
- मलाई कोफ्ता या किसी भी तरह के कोफ्ता को तलने के बाद उन्हें पांच से दस मिनट के लिए फ्रिज में रख दें। ऐसा करने से ग्रेवी में डालने के तुरंत बाद कोफ्ता बहुत ज्यादा मुलायम नहीं होगा और टूटेगा नहीं।
- बाद मध्यम आंच पर पकाएं। ऐसा करने से कोफ्ता न सिर्फ अच्छी तरह से पकेगा, बल्कि मुलायम भी बनेगा। अगर आपके पास समय कम है और आप कोफ्ते को तेज आंच पर पकाना चाहती हैं तो छोटे-छोटे आकार का कोफ्ता बनाएं।
- कोफ्ता मुलायम बनाने के कई सारे ट्रिक्स हैं। मसलन, कोफ्ता किसी भी चीज का बनाएं, उसके मिश्रण में कद्दूकस किया पनीर, उबला आलू या क्रीम मिला दें। आप चाहें तो कटा प्याज भी मिला सकती हैं।
- कोफ्ते को अच्छी तरह से तलना बहुत ज्यादा जरूरी है। अगर आप कोफ्ते को अच्छी तरह से पकाए बिना ही कड़ाही से निकाल देंगी तो ग्रेवी में डालने के बाद भी वह भीतर से कड़ा ही रहेगा और इसका सीधा असर कोफ्ते के स्वाद पर पड़ेगा। हमेशा मध्यम आंच पर सुनहरा होने तक इसे पकाएं।

# अक्षय नवमी के अवसर पर आंवले के पेड़ की पूजा

**हिंदू कैलेंडर के अनुसार, कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को अक्षय नवमी मनाई जाती है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, अक्षय नवमी के दिन ही द्वापर युग का प्रारंभ हुआ था। कार्तिक शुक्ल नवमी तिथि को भगवान श्रीकृष्ण ने वृंदावन की परिक्रमा की थी, उसके बाद कंस का वध किया। वहीं भगवान विष्णु ने राक्षस कुशमांड का संहार किया था। इस वजह से भी अक्षय नवमी का महत्व है। अक्षय नवमी के अवसर पर आंवले के पेड़ की पूजा करते हैं। जानते हैं अक्षय नवमी के पूजा मुहूर्त और उस दिन किए जाने वाले जरूरी कार्यों के बारे में।**



### अक्षय नवमी 2024 पूजा मुहूर्त

कार्तिक शुक्ल नवमी तिथि का प्रारंभः 9 नवंबर, शनिवार, रात 10:45 बजे से
कार्तिक शुक्ल नवमी तिथि की समाप्तिः 10 नवंबर, रविवार, रात 9:01 बजे पर
अक्षय नवमी पूजा मुहूर्तः सुबह 6 बजकर 40 मिनट से दोपहर 12 बजकर 5 मिनट तक
अक्षय नवमी पूजा का कुल समयः 5 घंटे 25 मिनट तक
रवि योगः 9 नवंबर, सुबह 10:59 बजे से 11 नवंबर को सुबह 6:41 बजे तक

### अक्षय नवमी पर जरूर करें ये 4 काम

1. **आंवले के पेड़ की पूजा**
धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, अक्षय नवमी के दिन आंवले के पेड़ में भगवान विष्णु और महादेव का वास होता है। इस वजह से अक्षय नवमी को आंवले के पेड़ की पूजा करने का विधान है। इससे व्यक्ति को अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है।

2. **आंवले के पेड़ के नीचे भोजन करना**
अक्षय नवमी के अवसर पर आंवले के पेड़ के नीचे परिवार के साथ बैठकर भोजन करना चाहिए। प्रसाद के रूप में आंवले का सेवन करें। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, ऐसा करने से उत्तम सेहत की प्राप्ति होती है क्योंकि आंवले के पेड़ से अृमत की बूंदें टपकती हैं। भोजन पूर्व दिशा में मुख करके करना चाहिए।

3. **आंवले के पेड़ के पास पितरों का तर्पण**
अक्षय नवमी के दिन आंवले के पेड़ के पास अपने पितरों के लिए तर्पण करना चाहिए। इसके लिए आप जल और काले तिल से कुशा के पोरों की मदद से तर्पण करें। ऐसा करने से पितर तृप्त होते हैं और खुश होकर आशीर्वाद देते हैं।

4. **अक्षय नवमी पर दान**
अक्षय नवमी को पूजा के बाद आपको अन्न, वस्त्र, कंबल आदि का दान करना चाहिए। यह दान आप अपने पितरों के निमित्त भी कर सकते हैं। इससे व्यक्ति को पुण्य लाभ होता है।



चेहरे पर काले धब्बे और पिग्मेंटेशन के कई कारण हो सकते हैं। धूप की वजह से काले धब्बे हो जाते हैं तो कई बार हार्मोंस की वजह से भी चेहरे पर भूरे धब्बे बनना शुरू हो जाते हैं। जो दिखने में भद्दे लगते हैं और महिलाओं को लगता है कि उनकी सुंदरता खराब हो रही है।

# पिग्मेंटेशन के लिए घरेलू नुस्खा

अगर आप ऐसे ही डार्क स्पॉट और पिंग्मेंटेशन से परेशान हैं और घरेलू नुस्खा आजमाना चाहती हैं तो हल्दी से बना फेस पैक लगा लें। इस तरह बनाएं फेस पैक।

### ऐसे बनाएं हल्दी से फेस पैक

हल्दी से बना फेस पैक चेहरे के दाग-धब्बों को दूर करने में मदद करता है। अगर आप डार्क स्पॉट और पिग्मेंटेशन से परेशान हैं तो लगातार 15-20 दिनों तक इस फेस पैक को लगाएं

फेस पैक बनाने के लिए एक चम्मच हल्दी को लेकर लोहे के तवे पर भून लें। जैसे ही हल्दी का कलर गोल्डन हो जाए गैस की फ्लेम को बंद कर दें और किसी कांच के बाउल में निकाल लें। अब इस हल्दी में शहद मिक्स करें और पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाएं और करीब 15 मिनट के लिए सूखने दें। पानी से धोकर चेहरा साफ कर लें। कुछ ही दिनों में फर्क नजर आने लगेगा।

### हल्दी में मिलाएं दही

अगर स्किन ऑयली है तो शहद की बजाय हल्दी में दही और टमाटर का रस मिलाक फेस पैक बनाएं और चेहरे पर लगाएं। जिससे पिग्मेंटेशन की समस्या दूर होने में मदद मिलेगी।

### क्यों हल्दी से दूर होगा डार्क स्पॉट

हल्दी में करक्यूमिन एंटीऑक्सीडेंट्स होता है जो मेलानिन के प्रोडक्शन को कम करता है। मेलानिन स्किन में पिग्मेंटेशन के लिए जिम्मेदार होते हैं। जब हल्दी को स्किन पर लगाते हैं तो हाइपरपिग्मेंटेशन की समस्या कम होने में मदद मिलती है और स्किन पर हो रहे काले-भूरे धब्बे भी हल्के होते हैं।

# मसूड़ों का कैसे रखें ख्याल

शरीर का कोई भी अंग अगर ठीक तरह से काम न करे तो इसका असर पूरी बॉडी पर पड़ता है। अगर हमारे मसूड़े खराब हों तो इसका सीधा प्रभाव दांतों पर देखने को मिलेगा। ये हमारी ओरल हेल्थ पर असर डालता है। अगर दांतों को मजबूत बनाना चाहते हैं तो मसूड़ों का ख्याल रखना बेहद जरूरी है। आपको बता दें कि बढ़ती उम्र में मसूड़ों की समस्या हो सकती है। मसूड़ों के रोग केवल उम्र बढ़ने के कारण नहीं होते, बल्कि यह मुंह में जमा होने वाले बायोफिल्म (दांतों पर जमा बैक्टीरिया की परत) की वजह से होते हैं। सही तरह से मुंह की देखभाल करके इन समस्याओं से बचा जा सकता है। उम्र बढ़ने के साथ शरीर में लार (सलाइवा) कम बनने लगती है, जिससे मुंह सूखने की दिक्कत होती है। ड्राई माउथ से मसूड़ों का रोग होने का खतरा बढ़ जाता है। इसके साथ ही डायबिटीज, हृदय रोग, रूमेटॉयड आर्थराइटिस जैसी बीमारियों का असर शरीर की सूजन ठीक करने की क्षमता पर पड़ता है।



### मुंह के टिश्यूज का रखें ख्याल

जैसे-जैसे हमारी उम्र बढ़ती है हमारा इम्यून सिस्टम धीमा हो जाता है, जिससे शरीर को संक्रमण से लड़ने और ठीक होने में ज्यादा समय लगता है। इस कारण मुंह के टिशूज और हड्डियों पर भी असर पड़ता है, जिससे बुजुर्गों को ओरल हेल्थ से जुड़ी परेशानियां बढ़ सकती हैं, नियमित दांतों और मसूड़ों की जांच कराना जरूरी है ताकि समय रहते समस्याओं का पता चल सके।

### इन लक्षणों पर दें ध्यान

- मुंह से बदबू आना- रोज़ ब्रश करने के बाद भी मुंह से लगातार दुर्गंध आते रहना
- मसूड़ों में सूजन होना- मसूड़े फूल जाते हैं और सामान्य से बड़े दिखते हैं
- बार-बार खून आना- ब्रश करते समय या हल्का छूने पर भी मसूड़ों से खून आना
- दांतों का कमजोर होना- दांत ढीले लगने लगते हैं या चबाने में दर्द होना

### कैसे करें बचाव

एक्सपर्ट कहते हैं कि बुजुर्गों को खासतौर पर अपने मुंह की सफाई का ध्यान देना चाहिए। दिन में दो बार ब्रश करना चाहिए। रोजाना फ्लॉस और एंटीसेप्टिक माउथवॉश का इस्तेमाल करना चाहिए। कम से कम चीनी वाली चीजें खाएं, जिससे दांत और मसूड़ें हेल्दी रहें। तंबाबू और सिगरेट से दूरी बनाना। इसके साथ ही, नियमित रूप से दांतों के डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए।

### इन बातों का रखें ध्यान

- मुलायम ब्रिसल वाले टूथब्रश को चुनें
- आयुर्वेदिक या सेंसेटिव टूथपेस्ट
- इलेक्ट्रिक टूथब्रश, जो एडजस्टेबल सेंसिटिविटी के साथ सफाई करे
- वॉटर फ्लॉसर का इस्तेमाल करें
- फ्लोराइड टूथपेस्ट का इस्तेमाल दांतों को कीड़े लगने से बचाता है

### फॉलो करें ये आयुर्वेदिक तरीके

आयुर्वेद में ऐसी तमाम सारी चीजे हैं, जिनका इस्तेमाल करके मसूड़ों को हेल्दी रखा जा सकता है। त्रिफला, मेस्वाक, नीम और अनार जैसी जड़ी-बूटियों का इस्तेमाल करना भी मसूड़ों और दांतों को हेल्दी बनाता है। एक्सपर्ट कहते हैं कि दो मिनट ब्रशिंग का नियम और दिन में दो बार दांतों की अच्छी तरह सफाई को याद रखें

### ऐसी होनी चाहिए डाइट

मसूड़ों को हेल्दी रखने के लिए एंटीऑक्सीडेंट वाली चीजें जैसे बेरीज और हरी पत्तेदार सब्जियों के साथ विटामिन सी वाले फल खाएं। इन्हें खाने से मसूड़ों को मजबूत बनते हैं। नट्स में पाया जाने वाला ओमेगा-3 युक्त फैटी एसिड ओरल हेल्थ के लिए काफी फायदेमंद है।

# एक्सरसाइज करते वक्त क्या जरूरी है शूज पहनना

एक्सरसाइज करने के लिए जब घर से बाहर जिम में जाते हैं तो सभी शूज पहनते हैं। लेकिन काफी सारे जिम में बाहर ही जूते उतारने का नियम होता है। वहीं जो लोग घर में एक्सरसाइज करते हैं, वो भी शूज को लेकर लापरवाह रहते हैं। लेकिन कंफर्टेबल कपड़ों की तरह की शूज भी पैरों के लिए बेहद जरूरी होते हैं। ये पैरों को केवल आराम ही नहीं देते बल्कि सुरक्षित भी रखते हैं। तो अगर आप बिना शूज पहने ही एक्सरसाइज करते हैं तो जान लें कि आखिर क्यों वर्कआउट करने के लिए शूज पहनना जरूरी होता है और शूज खरीदते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।



### वर्कआउट करते वक्त क्यों जरूरी है शूज

वर्कआउट के वक्त शूज पहनने से पैर सुरक्षित रहते हैं। चोट लगने का डर कम होता है। कई बार मशीनों के पैडल वगैरह से चोट लग जाती है। लेकिन शूज पहनने से ये बैरियर की तरह काम करता है और पैरों को बचाता है।

### पैरों में दर्द की शिकायत होगी

अगर आप अच्छे और कंफर्टेबल शूज पहनकर जंपिंग जैक जैसी एक्सरसाइज करते हैं तो इससे पैरों के तलवों पर सीधे जोर नहीं पड़ता। जिससे दर्द कम होता है।

### बढ़ जाती है क्षमता

शूज पहनकर और बगैर शूज पहने अगर आप एक्सरसाइज करते हैं तो पाएंगे कि शूज पहनकर एक्सरसाइज करने से वर्कआउट की लिमिट बढ़ जाती है। हल्के और आरामदायक जूते आपके एक्सरसाइज सेशन के टाइम को ऑटोमेटिक बढ़ाने में मदद करते हैं। इसका कारण है पैर पर पड़ने वाला प्रेशर जो शूज की वजह से हल्का हो जाता है और आप ज्यादा केपेबल फील करते हैं।

### कैसे चुनें सही शूज

वर्कआउट के लिए जब भी शूज का चुनाव करें तो कुछ बातों का ध्यान रखें
जब भी वर्कआउट के लिए शूज खरीदें तो ध्यान रखें कि जूते का सोल कैसा है और उसकी कुशन कैसी है। जिससे पैरों पर पड़ने वाले झटके को वो तेजी से सोख सके।

### पैरों को मिले सपोर्ट

वर्कआउट शूज ऐसे हों जो पैरों को सपोर्ट दें। ऐसे शूज जिसमे आर्क बना हो और किसी भी तरह की इंजरी से बचाए।

### शूज हो ब्रीदेबल

एक्सरसाइज के लिए खासतौर पर शूज खरीदने चाहिए जो खास पैरों की स्किन को कूल और सूखा रखने में मदद करते हैं। जिससे पसीने की वजह से अनकंफर्टेबल ना महसूस हो।

इन एक्सरसाइज में नहीं पड़ती शूज पहनने की जरूरत
योग, पिलाटेस, स्क्वाट्स, लंजेस, डेडलिफ्ट्स जैसी कुछ एक्सरसाइज हैं। जिनमे शूज पहनने की कुछ खास जरूरत नहीं होती।

# पिता की सिखाई गई ये बातें जीवनभर आती हैं काम

बच्चे के जीवन पर पिता के बर्ताव और व्यवहार का काफी असर पड़ता है। पिता परिवार को केवल आर्थिक सुरक्षा ही प्रदान नहीं करते, बल्कि जीवन की कई अनमोल सीख भी देते हैं। बचपन से लेकर किशोरावस्था और फिर अडल्ट होने तक, पिता हर पड़ाव पर अपनी संतान के साथ खड़े रहते हैं और उनकी उपस्थिति और शिक्षा बच्चे की सफलता और जीवन को संवारने की कड़ी बनती है। तो चलिए जानते हैं कि बच्चे अपने पिता से जीवन की क्या सीख लेते हैं और पिता का कौन सा व्यवहार उन्हें जीवन में सफल बनने में मदद करता है।

**अपने पिता से ये सीख लेते हैं बच्चे-**

**जिम्मेदार बननाः** बच्चे जब दिखाते हैं कि कैसे परिवार और समाज के प्रति पिता अपनी जिम्मेदारियों को पूरा कर रहा है तो वे भी अपने पिता की तरह बनना चाहते हैं। ऐसे में वे जीवन में कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं समझते और हर काम जिम्मेदारी से करना पूरा करना सीखते हैं।

**प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किलः** पिता बच्चों को संघर्ष करना और कठिन परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखना सिखाते हैं। जीवन में चुनौतियां आना स्वाभाविक हैं, लेकिन उनका सामना किस तरह करना है, यह बच्चों को पिता से बेहतर कोई नहीं सिखा सकता।

**नैतिक मूल्यों का महत्वः** नैतिकता और ईमानदारी की शिक्षा बच्चे पिता से सीखते हैं। पिता अपने अनुभव और जीवन की कहानियों के माध्यम से अपने बच्चों को सही और गलत के बीच अंतर करना सिखा सकते हैं।

**मेहनत करनाः** जीवन में सफलता पाने के लिए कठिन परिश्रम करना और काम के प्रति समर्पित रहना बच्चे अपने पिता से सीखते हैं। बच्चे अपने पिता से यह सीखते हैं कि बिना मेहनत कुछ भी हासिल नहीं किया जा सकता।

**आत्मनिर्भर बननाः** बच्चे पिता से सीखते हैं कि अपनी समस्याओं का समाधान खुद किस तरह निकाला जाता है और जीवन में किसी पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। वे पिता से सेल्फकंट्रोल और डिसिप्लीन भी सीखते हैं।

मनी मैनेजमेंट और प्रोयोरिटीज- पिता से बच्चे यह सीख लेते हैं कि किस तरह एमरजेंसी के लिए खुद को तैयार करना है और बुरे हालात में किस तरह प्रोयोरिटीज डिसाइड करना है। यह लाइफस्टिल उन्हें जीवनभर काम आती है।

बातचीत करने का तरीका- पिता से बच्चे सीखते हैं कि बेहतर बातचीत की मदद से किस तरह लड़ाई झगड़ों से बचा जा सकता है और एक बेहतर रिलेशनशिप बनाया जा सकता है।

पिता की सिखाई गई ये बातें उन्हें जीवनभर काम आती हैं और बच्चों को एक मजबूत, जिम्मेदार और नैतिक इंसान बनने में मदद करती हैं।



# बच्चे की हैंडराइटिंग को सुधारने के टिप्स

ज्यादातर पेरेंट्स को अपने स्कूल जाने वाले बच्चों की गंदी हैंडराइटिंग को लेकर शिकायत बनी रहती है। बच्चे की लिखावट गंदी होने की वजह से कई बार कक्षा में भी उसके अंक कम आते हैं। जिसका सीधा असर उसकी पढ़ाई पर पड़ता है और उन्हें स्कूल से लेकर ट्यूशन तक, हर जगह टीचर्स से डांट सुनने को मिलती है। अगर आप भी अपने बच्चे की गंदी हैंडराइटिंग से परेशान रहते हैं और उसे सुधारने के हर संभव प्रयास करके थक चुके हैं तो ये पेरेंटिंग टिप्स आपकी मदद कर सकते हैं। बच्चे की गंदी हैंडराइटिंग को सुधारने के टिप्स

### शब्दों पर करें फोकस

कई बार सही तरीके से नहीं लिखे हुए शब्द भी गंदी हैंडराइटिंग की वजह बन जाते हैं। ऐसे में बच्चे की लिखावट सुधारने के लिए उन शब्दों को सही तरह से लिखवाने की कोशिश करें। उदाहरण के लिए अगर बच्चा 'ठ' या 'म' को सही से नहीं लिख रहा है तो इन शब्दों की अलग से अभ्यास करवाएं।

### स्पेस के साथ लिखें

कई बार बच्चे की लिखावट तो अच्छी होती है लेकिन दो अक्षरों के बीच में स्पेस नहीं होने की वजह से वो अच्छी तरह समझ नहीं आती है। ऐसे में लिखावट अच्छी करने के लिए बच्चे को दो अक्षरों के बीच में स्पेस डालकर लिखना सिखाएं। बच्चे को पहले खुला और बड़ा लिखने के लिए कहें उसके बाद छोटा और बारीक लिखना वह खुद सीख जाएगा।

### ग्रिप चेक करें

कई बार खराब लिखावट की वजह ग्रिप भी हो सकती है। अगर बच्चा पेन या पेंसिल को अंगूठे, मध्यमा अंगुली और तर्जनी अंगुली से पकड़ रहा है तो ठीक है, लेकिन जब बच्चा पेन को बहुत टाइट पकड़कर लिखता है तो, उससे उसके हाथ जल्दी थकने के साथ राइटिंग खराब होने लगती है। ऐसे में लिखते समय बच्चा पेन या पेंसिल पर कितना दबाव बना रहा है, यह देखना जरूरी हो जाता है।



# छ.ग.जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन सरायपाली ब्लॉक की मासिक बैठक सम्पन्न हुआ

**शंकर लहरे / सरायपाली ( समय दर्शन )।** प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम के निर्देशानुसार और जिलाध्यक्ष बलराज नायडू के आदेशानुसार आज ब्लॉक इकाई सरायपाली की बैठक आहूत की गई!

छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन की सरायपाली इकाई की मासिक बैठक उप वन मंडल सरायपाली स्थित रेस्ट हाऊस में संपन्न हुआ।

आज के इस बैठक में यूनियन की एकता और संगठन की मजबूती पर गहन चर्चा की गई।

यूनियन अध्यक्ष शंकर लहरे की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में प्रमुख रूप से नृपनिधि पाण्डे उपाध्यक्ष,सुरोतीलाल लकड़ा,इरफान शेख, झनन प्रेमी

सुनील महापात्र,नारायण साण,अजय चौहान,गणेश दास,आयुष साहू,गोपाल लहरिया,फागुलाल रात्रे,संजय प्रधान(संरक्षक),झसांक नायक और नए सदस्य अभिनय शाह उपस्थित रहे।



इस बैठक में संगठन के समर्पण,एकजुटता और अनुशासन को बनाए रखने पर जोर दिया गया।

अध्यक्ष शंकर लहरे ने कहा कि यूनियन की ताकत उसकी एकता में है और सभी सदस्यों को इसके लिए मिलकर कार्य करना चाहिए।

उपाध्यक्ष नृपनिधि पांडे ने कहा की कोई भी खबर बना रहे है तो संबंधित अधिकारी का वर्जन बिना खबर को नहीं चलाना है द्य

जिला मीडिया प्रभारी मोहम्मद इरफान शेख ने नई योजनाओं पर विचार रखते हुए कहा कि संगठन की मजबूती के लिए ठोस कदम उठाने पर जोर दिया जा रहा है।

सुनील महापात्र ने ब्लॉक यूनियन की स्थिति को मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की।

आज की इस बैठक में यूनियन में नए सदस्य अभिनय शाह को यूनियन की सदस्यता दिया गया साथ ही साथ यूनियन के सभी सदस्यों के विचारों को सुनने के बाद सभी ने मिलकर संगठन की विस्तार,एकता और मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## संक्षिप्त समाचार

## जिले के दो सौ से अधिक खसरों में त्रुटिपूर्ण गिरदावरी पर संबंधित पटवारियों को नोटिस जारी

**मुंगेली /समय दर्शन।** शासन के निर्देशानुसार जिले के तीनों अनुविभाग अंतर्गत सभी ग्रामों की भूमियों में लगे फसलों का पटवारियों द्वारा गिरदावरी कार्य किया गया है। कलेक्टर राहुल देव के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों के द्वारा गिरदावरी कार्य का रेंडम खसरा सत्यापन कराया जा रहा है। इस दौरान जिले के दो सौ से अधिक खसरों में त्रुटिपूर्ण गिरदावरी पाई गई। जिस पर संबंधित पटवारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। नोटिस का संतोषप्रद जवाब नहीं देने पर संबंधित पटवारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि गिरदावरी के आधार पर शासन के द्वारा प्रतिवर्ष धान खरीदी का कार्य किया जाता है एवं धान खरीदी शासन के महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है। ऐसी स्थिति में कलेक्टर द्वारा गिरदावरी के कार्य को अत्यंत महत्वपूर्ण मानते हुए गंभीरतापूर्वक शतप्रतिशत सही एवं त्रुटिरहित करने हेतु निर्देशित किया गया था। लेकिन पटवारियों द्वारा गलत ढंग से फसल एंट्री किए जाने के कारण भूमि पर लगे फसलों की सही जानकारी प्राप्त नहीं हो पा रही है। उक्त कृत्य को अनुशासनहीनता एवं शासकीय कार्यों के प्रति घोर लापरवाही मानते हुए संबंधित पटवारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

## शासकीय पालीटेक्निक मुंगेली में ''जनजातीय गौरव स्मृति कार्यक्रम-2024'' का सफल आयोजन

**मुंगेली /समय दर्शन।** मुंगेली जिले के प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थान शासकीय पालीटेक्निक मुंगेली, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था मुंगेली, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पथरिया एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था लोरमी के द्वारा जनजातीय नायकों के गौरवशाली अतीत को स्मरण करते हुए एकदिवसीय ''जनजातीय गौरव स्मृति कार्यक्रम-2024'' का सफलतापूवर्क आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य मनोज कुमार ताण्डेय द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सुरेश कुमार खुसरो, जिलाध्यक्ष-सर्व आदिवासी समाज मुंगेली, मुख्य वक्ता- धनेश साहू, जिलाध्यक्ष-वनवासी विकास समिति मुंगेली, विशिष्ट अतिथि- रघुनन्दन सिंह पोर्ते एवं लखनलाल मरावी उपस्थित हुए। कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा जनजातीय महानायकों के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात् अतिथियों को संस्था के कर्मचारी/अधिकारियों एवं छात्र/छात्राओं द्वारा स्मृति-चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य के जनजातीय समुदाय तथा उनके परम्पराओं का छत्तीसगढ़ के इतिहास, संस्कृति, कला एवं अन्य क्षेत्रों में विशेष योगदान एवं गौरवशाली अतीत को संस्था के छात्र/छात्राओं के द्वारा रंगोली, चित्रकला, कविता, भाषण, पोस्टर एवं खेल-कूद के माध्यम से स्मरण करते हुए प्रदर्शित किया गया। जनजातीय जीवनशैली, प्रकृति के प्रति समर्पण, सेवा भाव, औषधीय ज्ञान, सांस्कृतिक समृद्धि एवं आज के आधुनिक युग में उनकी समस्याओं तथा समावेशित निराकरण संबंधी विषयों पर मुख्य वक्ता- धनेष साहू , प्राचार्य महोदय, अतिथियों एवं छात्र/छात्राओं द्वारा अपने वकतव्य प्रस्तुत करते हुए भगवान बिरसामुण्डा, रानी दुर्गावती एवं सोनाखान विद्रोह के जनक वीरनारायण सिंह जी को स्मरण किया एवं जनजातीय गौरव स्मृमि कार्यक्रम-2024 के आयोजन को सफल बनाया।


## सैमसंग ने गैलेक्सी Z फोल्ड6 और Z फ्लिप6 पर पेश किए अब तक के सबसे धमाकेदार फेस्टिव आफर्स!

**गुरुग्रामः** भारत के सबसे बड़े कंज्यूड्डमर इलेक्ट्रॉसनिक्स ब्रैंड सैमसंग ने अपने छठी जनरेशन के फोल्डेबल स्मार्टफ्रेन्सगैलेक्सी Z फोल्ड6 और गैलेक्सी Z फ्लिप6 पर अब तक के सबसे शानदार फेस्टिव ऑफर्स की घोषणा की है। गैलेक्सी Zफोल्ड6 अब 144999 रुपयेमें उपलब्ध है, जबकि इसकी असल कीमत 164999 रुपये है। साथ ही, ग्राहक 24 महीने की नो-कॉस्ट9 ईएमआईका फायदा भी उठा सकते हैं। इसी तरह, गैलेक्सी Z फ्लिप6 की कीमत अब 89999 रुपये है, जो पहले 109999 रुपये थी, और यह भी 24 महीने की नो-कॉस्ट ईएमआईके विकल्प के साथ आ रहा है।जिन ग्राहकों को ईएमआई का विकल्प चाहिए, वे गैलेक्सी Z फ्लिप6 को 2500 रुपये प्रति माहऔर गैलेक्सी Z फोल्ड6 को 4028 रुपये प्रति माहकी आसान किस्तों में खरीद सकते हैं। यह ऑफर सीमित समय के लिए उपलब्ध है, जिससे फेस्टिव सीजन में उपभोक्ता प्रीमियम फोल्डेबल स्मार्टफोन का अनुभव पा सकें। गैलेक्सी Z फोल्ड6 और गैलेक्सी Z फ्लिप6 खरीदने वाले ग्राहकों के लिए एक शानदार मौका है। सीमित समय के लिए, ग्राहक सिर्फ 999 रुपयेमेंगैलेक्सी Z एश्योरेंस प्रोग्रामका लाभ उठा सकते हैं।


## राजस्व टैक्स वसूली एवं स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान साथ-साथ चलाएगा निगम

### 10 करोड़ की वसूली के लिए जोनवार जिम्मेदारी,11 नवंबर से 31 दिसंबर तक चलाया जाएगा विशेष अभियान

### कमिश्नर ने की अपील कहा- टैक्स जरूर पटाएं,शहर आपका है और शहर की व्यवस्था बनाने में आपके टैक्स का योगदान अहम है,इसलिए टैक्स जमा करने के लिए सजग रहें:

**दुर्ग।** दुर्ग नगर निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने स्वच्छता सर्वेक्षण और राजस्व वसूली में तेजी लाने के उद्देश्य से अधिकारी/कर्मचारी को जिम्मेदारी सौंपी है।इस संबंध में स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा व राजस्व अधिकारी मनीष कुमार गायकवाड़ के निर्देशानुसार कार्य को सम्पादन करेंगे।निगम द्वारा टैक्स वसूली और स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए एक साथ अभियान चलाया जाएगा।

बता दे कि 11 नवंबर से शुरू होने वाले यह विशेष अभियान 31 दिसंबर तक चलेगा।इस अवधि में नगर निगम प्रशासन द्वारा 10 करोड़ रुपये की टैक्स वसूली का लक्ष्य रखा गया है।अभियान प्रतिदिन सुबह आठ से दोपहर एक बजे तक चलेगा। इस दौरान निगम कर्मी डोर टू डोर टैक्स वसूली के साथ सफाई कार्य भी देखेंगे।

-कमिश्नर ने की अपील-टैक्स जरूर पटाएं,शहर आपका है और यहां की व्यवस्था बनाने में आपके टैक्स का योगदान अहम है,इसलिए टैक्स जमा करने के लिए सजग रहें:

नगर निगम क्षेत्र में वर्षों से बकाया संपत्ति व अन्य करों की वसूली के लिए निगम प्रशासन द्वारा निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इस कड़ी में आने वाले दिनों में नगर निगम क्षेत्र में स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर वार्डवार चलाए जाने वाले अभियान के दौरान राजस्व वसूली को लेकर भी अभियान चलाया जाएगा।इसके लिए कमिश्नर सुमित अग्रवाल द्वारा जोन वार कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय कर दी गई है। नगर निगम को चार जोन में बांटा गया है। प्रत्येक जोन में 15 अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।जिसमे जोन 1 के 15 वार्डो के लिए प्र.राजस्व उपराजस्व निरीक्षक राम खिलावन शर्मा,जोन 2 के 15 वार्डो में प्र, राजस्व उपनिरीक्षक संजय मिश्रा,जोन 2 में राजस्व उपनिरीक्षक निशांत यादव एवं जोन 4 में प्रभारी राजस्व उपनिरीक्षक थान सिंह यादव को जिम्मेदारी तय किया गया है।

आपको बता दे कि उक्त कर्मचारी प्रतिदिन सुबह आठ से दोपहर एक बजे तक डोर टू डोर राजस्व वसूली करेंगे। इस दौरान डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के संबंध में भी जानकारी लेंगे। ज्ञात हो कि आने वाले दिनों में स्वच्छता सर्वेक्षण होना है। इसे भी ध्यान में रखते हुए नगर निगम सफाई व्यवस्था में सुधार के लिए कवायद कर रहा है।

कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने राजस्व वसूली एवं जलकर वसूली में तेजी लाने संबंधी निर्देश राजस्व विभाग को दिया है, जिसके तहत कमिश्नर लगातार राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए बकायदारों से वसूली एवं करो की वसूली में तेजी लाने का निर्देश दिया है। वहीं कमिश्नर ने बड़े बकायादारों की सूची बनाने के साथ ही उन बकायदारों से वसूली का निर्देश देते हुए राजस्व विभाग की टीम बनाने का भी निर्देश दिया है।उक्त गठित टीम के द्वारा बड़े बकायादारों से वसूली में तेजी लाने का निर्देश दिया है।

## छात्रावास अधीक्षक पूरन सिंह जगत हुए सेवानिवृत्त

**सरायपाली( समय दर्शन )।** आदिवासी विकास विभाग महासमुंद के कर्मचारी पूरन सिंह जगत आदिवासी बालक छात्रावास बड़े साजापाली में छात्रावास अधीक्षक के पद में पदस्थ थे। डिपार्टमेंट में उनका सेवा अवधि पूर्ण होने पर उनको चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों एवं अधीक्षकों द्वारा धूमधाम से विदाई दिया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गयाराम बुड़ेग अध्यक्ष शासकीय चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ बसना, विशिष्ट अतिथि उत्तरा कुमार सिदार अधीक्षक बिछिया,हेमपुष्पा भट्ट अधीक्षक कन्या छात्रवास बड़े साजापाली, अध्यक्षता डमरूधर बंछोर अधीक्षक बालक छात्रावास बड़े साजापाली रहे,चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कौशल प्रसाद साहू,परदेशी राम जगत, कैलाश कुमार प्रेम लाल



दीप गनपत भारद्वाज हरि कुमार बंजारे, चंद्रशेखर बंजारे धरमलाल सारथी,कीर्तन लाल देवागन, मानक दास मानिकपुरी उपस्थित थे।अधीक्षक द्वारा अपने कर्मचारियों के प्रति जो अपनत्व देखा गया चर्चा का विषय है।अधीक्षक डमरूधर बंछोर ने साल श्रीफल देकर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को सम्मानित किया साथ ही घर तक अपने वाहन से छोडने गये। इस प्रकार से आपसी प्रेम भाईचारा का मिसाल देखकर कर्मचारियों में हर्ष का माहौल है।

## शा. पू मा.शाला मोंगरापाली (रे) में न्योता भोज के साथ-साथ विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन

**बागबाहरा( समय दर्शन )।** शास पूर्व माध्य. शाला मोंगरापाली (रे) वि.खं. बागबाहरा जिला महासमुंद में दीपावली मिलन के साथ-साथ न्यौता भोज का आयोजन किया गया । न्यौता भोज में विद्यार्थियों ने पापड़, पकोड़े, जलेबी एवं स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिए । दीपावली मिलन समारोह में विविध प्रतियोगिताएं जैसे निबंध प्रतियोगिता में प्रथम आलिया भारद्वाज, द्वितीय चेसलता बंजारा,तृतीय चित्ररेखा निषाद, चित्रकला में प्रथम चेसलता बंजारा, द्वितीय आलिया भारद्वाज, तृतीय वेदिका ठाकुर, ग्रीटिंग कार्ड में प्रथम पूर्वी दीवान, द्वितीय आलिया भारद्वाज,तृतीय वेदिका ठाकुर, रंगोली में प्रथम वेदिका ठाकुर,द्वितीय चेसलता बंजारा ,तृतीय चित्ररेखा निषाद, सुवा नृत्य संयुक्त विजेता चेसलता ग्रुप एवं वर्षा ग्रुप, रस्सा कशी विजेता बालिका वर्ग रही ।कक्षा छठवीं के बच्चों ने ढोल नगाड़े बजाकर दर्शकों का मन मोह लिया । सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया । शिक्षक धनेश्वर साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक विरासत एवं कला संस्कृति को संजोये रखने एवं विद्यार्थियों को इससे परिचित करवाने उसके सर्वांगीण विकास के लिए संज्ञानात्मक क्षेत्र



के साथ ही साथ सहसंज्ञानात्मक क्षेत्र के विकास के लिए हमारे विद्यालय में प्रतिवर्ष इस तरह के आयोजन समसामयिक परिप्रेक्ष्य में कराया जाता है । जिसमें विद्यार्थी बढ़ चढ़कर उत्साह के साथ भाग लेते हैं । इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से स्व्हटअध्यक्ष खेमराज सिंहा , प्रधान पाठक देवलाल दीवान, शिक्षक धनेश्वर साहू,दिलीप साहू, संकुल प्रभारी विकास साहू,संकुल सम्यक ठाकुर राम साहू, जे . पी . साहू, सुनील कुमार केवट, संतोष कुमार दुबे,कोमल ध्रुव,राजेंद्र पटेल केशव ठाकुर, नंद कुमार ध्रुव, आदि उपस्थित थे ।

## राज्योत्सव में करंट से एक शिक्षक की मौत के बाद प्रभारी डीईओ एल पी पटेल को हटाने की मांग शुरू



**सारंगढ़ ( समय दर्शन )** में 5 नवम्बर को राज्योत्सव कार्यक्रम में करेंट के चपेट में आने से एक शिक्षक की मौके पर ही मौत हो गई जिसपर जिले में सियासी सरगर्मी बढ़ते नजर आ रही है छात्र शक्ति सारंगढ़ ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा कर विभाग के प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी एल पी पटेल को प्राथमिक जिम्मेदार कहते हुए तत्काल पद से पृथक करने की मांग किया है जिसमें छात्र संगठन अपने ज्ञापन में प्रभारी डीईओ एल पी पटेल ने राज्य शासन के नियम के विरुद्ध जाकर शिक्षकों की गैर शिक्षकी कार्य में शिक्षकों का आय दिन कार्य दिया जाना नकेवाल पद का गलत उपयोग को दर्शाता हैं साथ ही एल पी पटेल के गैर जिम्मेदाराना कार्यों को भी दर्शाता है जिसमें अपने निजी स्वार्थ की पूर्ति के लिए किसी भी हद को पार कर सकता है जो कि शिक्षा जगत के लिए घातक है इसके अलावा भी जब से श्री पटेल का सारंगढ़ जिला में पदस्थापन हुआ है तब से शिक्षा विभाग जिले में हसी का पात्र बन चुका है, श्री पटेल के पूर्व के कार्यव्यवार को लेकर आय दिन आंदोलन का सिलसिला शुरू होगया और जैसे ही विरोध थमा ही था कि ए.सी.बी. की टीम ने डीईओ दफ्तर में छापेमारी के दौरान एक शिक्षक को 50 हजार के रिश्वत के साथ रंगे हाथ पकड़ा गया और इसके बाद ये राज्योत्सव में भगत राम पटेल के करेंट के चपेट में मौत के बाद प्रशासन द्वारा अभी तक इस घटना का असल जिम्मेदारी किसकी है इसको लेकर आरोप प्रत्यारोप लगा हुआ है जिसे लेकर पहले छत्तीसगढ़ संकुल शैक्षिक सकूल समन्वयक संघ ने कलेक्टर को ज्ञापन देकर प्राथमिक जिम्मेदार प्रभारी डीईओ एल पी पटेल को बताया है और उनके ऊपर एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही करने के लिए मग किया जिसके बाद छात्र संगठन भी आगे आ कर एल पी पटेल के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मग करते हुए तत्कार मूल पद पर भेजने की मांग किया है आरोप है कि प्रभारी डीईओ ने नियम के विरुद्ध जाकर लगाया था शिक्षक का ड्यूटी और सामने खड़े होकर संकुल समन्वयक से लगवा रहे थे फ्लैक्स

## 86 वाहनों चालकों से 31000 रुपए वसूल

**दुर्ग।** दिनांक 09.11.2024 को पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति0 पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन मुकेश ठाकुर, अति0 पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक अजय खेस एवं यातायात टीम द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कुल 86 वाहनों पर कार्यवाही कर 31000/- रूपये जुर्माना वसूला गया। जिसमें दुपहिया वाहन में बिना हेलमेट पर 26, तीन सवारी में 26, बिना कागजात 15, नो पार्किंग 11 एवं बिना नंबर वाहनों में 08 वाहनों में कार्यवाही किया गया है। बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चालकों एवं यातायात नियमों के उल्लंघन पर कार्यवाही लगातार जारी रहेगा। साथ ही राजनांदगांव पुलिस की आम जनता से अपील है कि दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनें, तीन सवारी न चलें यातायात नियमों का पालन करें एवं सुरक्षित रहें।

## बैगलेश डे पर चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**सरायपाली( समय दर्शन )।** जिला कलेक्टर महासमुन्द विनय कुमार लंगेह(आई.ए.एस.)के निर्देशन एवं एसडीएम सरायपाली नम्रता चौबे (आई.ए.एस.)की पहल पर स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ठ विद्यालय सरायपाली में शनिवार बेगलस डे के अवसर पर बीईओ प्रकाशचन्द्र मांझी,बीआरसीसी सतीश स्वरुप पटेल एवं प्राचार्य मनोज पटेल के कुशल मार्गदर्शन में नशामुक्त भारत का निर्माण - एक पहल थीम के तहत चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन स्कूली विद्यार्थियों के लिए विद्यालय स्तर पर नोडल शिक्षक यशवन्त कुमार चौधरी के नेतृत्व में किया गया।





प्रतिभागियों ने अपनी उत्कृष्ठ कला कौशल का प्रदर्शन करते हुए रंगीन चित्र उकेरे और सुंदर,शिक्षाप्रद रंगोली बनाए।

चित्रकला में प्रथम स्थान अन्वेषा प्रधान (सातवीं),द्वितीय स्थान अपूर्वा पटेल (छटवीं),तृतीय स्थान प्रतीक साव (सातवीं) रहे इसके साथ ही अखिल देव डडसेना, निकिता गार्डिया, यज्ञनी नायक,डिलेश खम्हारी, कोमल साहू, बीना पटेल, आशी सतपथी, समृद्धि नायक, कोमल प्रधान, अंजू नर्मदा,भावेश साहु, शुभम मिर्धा, आभास साहु,खिरती निर्मलकर,मनीषा यादव का प्रयास भी सराहनीय रहा। इसी तरह रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान देविका प्रधान एवं रेणुका पटेल,द्वितीय स्थान देविका चौधरी एवं रिया यादव,तृतीय स्थान सोफिया बानो एवं कमलनयनी सिंह राजपुत ने प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने नशामुक्त भारत हेतु नशे से दूर रहने का संदेश देते हुए नए आइडिया के साथ चित्र उकेरते हुए इस व्यापक समस्या का समाधान स्वयं एवं समाज की जागरुकता को बताया है। निर्णायक मंडल में यशवंत चौधरी, विनोद चौधरी, रश्मि राजा, मौसमी माथुर, श्यामसुंदर दास, विशीकेशन नैरोजी का खूब योगदान रहा।

प्राचार्य मनोज पटेल, व्याख्याता लता साहु, महेश नायक, प्रदीप नारायण सेठ, मीना एस.प्रकाश, सुब्रत प्रधान, नरेश पटेल,जलंधर वर्गे,दिनेश कर, प्रवीण तिवारी, रेखा पुरोहित, उमा नायक, हरिश चौधरी, लक्ष्मी चौधरी,मौसमी माथुर, शिवेंद्र सिंह सोनवानी ,साकेत राजवाड़े, मंजिला चौधरी, प्रभारी प्रधान पाठक यशवंत कुमार चौधरी,शिक्षिका रश्मि राजा, शिक्षक श्यामसुंदर दास, विनोद कुमार चौधरी, गजानंद प्रधान, विशिकेशन नैरोजी, हिमाद्री प्रधान, धनपत सिदार, भारती सिदार, शोभाराम भोई, नेतराम पटेल, नेहा दास साहु, गुलाब चौहान, अक्षय भोई,रोहित कुमार मुन्ना,सविता सिदार, घसियाराम चौहान,गीती बरिहा, गोमती बरिहा, केशवप्रसाद चौहान आदि ने बच्चों के रंगोली और चित्रकला का अवलोकन कर सराहना किया।

# कोटा विधानसभा बना हिंदुत्व की नई प्रयोगशाला

**बिलासपुर ( समय दर्शन )।** यू तो बिलासपुर जिले का कोटा विधानसभा क्षेत्र राजनीतिक और सामाजिक रूप से शांत क्षेत्र है। इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में आदिवासी निवास करते हैं और सामान्य विधानसभा होने के बावजूद यहां की ग्राम पंचायत में पेशा कानून लागू है। पिछले विधानसभा चुनाव में यहां से भाजपा ने जुदेव परिवार के प्रबल प्रताप जुदेव को अपना प्रत्याशी बनाया। वे चुनाव हार गए पर तभी से धर्मांतरण और हिंदुत्व की राजनीति यहां का मूल विषय हो गया है।

5 नवंबर को रतनपुर से 25 किलोमीटर दूर ग्राम पुडु के आरक्षित ग्राम बांगलाभाटा में एक सामुदायिक भवन का लोकार्पण कार्यक्रम था। हिंदुत्व विचारधारा के प्रतिनिधि होने का दवा करने वाले लोग इसे प्रार्थना भवन ईसाई धर्म का होना बताते हैं। क्षेत्रीय विधायक अटल श्रीवास्तव ने इस मुद्दे पर स्थानीय नागरिकों के साथ जिला प्रशासन को एक ज्ञापन भी सौपा और कहा कि झूठे प्रचार पर कार्यवाही हो सामुदायिक भवन निजी धन और श्रम बल से बना है इसे बेवजह किसी धर्म के प्रार्थना भवन का नाम ना दिया जाए।

आज बिलासपुर प्रेस क्लब में अखिल भारतीय संत समिति व सर्व हिंदू समाज के पदाधिकारी ने पत्रकार वार्ता की आरोप लगाया कि अटल श्रीवास्तव धर्मांतरण जैसे कार्यों का बढ़ावा दे रहे हैं और अपने बयानों में हिंदुत्व को भगवाधारी गुंडे, भगवा आतंकवाद कहते हैं। इससे हमारा विरोध है वे माफी मांगे अन्यथा जो भाषा उन्हें समझ आती होगी उसमें समझा दिया जाएगा। और इस संदर्भ में संत समाज अपने 12-13 नवंबर के अमरकंटक में होने वाले सम्मेलन में निर्णय लेगा। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने यह कहा कि मठ मंदिर की जमीनों में पैदा हुआ धान सरकार खरीदता नहीं है इससे भी संत समाज नाराज है। छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण, छत्तीसगढ़ की कुल आयु में 80त्न शासन भाजपा का रहा तो धर्मांतरण किसकी सह पर रहा। उन्होंने कहा पूरा मामला राजनीतिक सह पर चलता है। सनातन धर्म में तो मानवता की कल्याण की कामना करता है पर विदेशी मानसिकता वाले लोग राजनीति करते हैं।

कुल मिलाकर कोटा विधानसभा के माध्यम से बिलासपुर जिले में हिंदुत्व की राजनीति बाटेंगे तो काटेंगे के लिए रास्ता खोला जा रहा है। कुछ ही माह बाद स्थानीय निकाय त्रिस्तरीय पंचायत के चुनाव हैं और सरकार की असफलता पर चर्चा ना हो तो रतनपुर को केंद्र बनाकर हिंदुत्व के मुद्दे को बार-बार गर्म किया जा रहा है। यह सिलसिला पिछले दो वर्षों से चल रहा है। हिंदुत्व की राजनीति बिलासपुर जिले में समान रूप से ईसाई और मुस्लिम कम्युनिटी को अपने टारगेट पर लेती है। फिर चाहे आपराधिक मामलों का ध्रुवीकरण हो रतनपुर में ऐसा दो बार हुआ जब अपराधी की जाति और धर्म को बार-बार रेखांकित किया गया।

कोटा क्षेत्र में आम आदिवासी अपने दैनिक जीवन के लिए संघर्ष कर रहे हैं पर उसे घर वापसी, धर्मांतरण, चंगाई सभा आदि में उलझया जाता है। जंगल की गैर कानूनी कटाई, आदिवासीयों के पट्टे की समस्या, विस्थापन आदि पर विचार न कर के धर्म की राजनीति में बार-बार असली समस्याओं को छोड़ा जा रहा है।

## खबर-खास

### एक वर्ष से फरार आरोपी को गिरफ्तार कर भेजे जेल




**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** एक वर्ष से फरार अपहरण के आरोपी को पुलिस विभाग की टीम द्वारा गिरफ्तार करते हुए जेल भेजा गया।घटना के विषय में सिटी कोतवाली से मिली जानकारी के अनुसार सिटी कोतवाली में 7 सितंबर 2023 को प्रार्थी के द्वारा कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि उसकी नाबालिग पुत्री को किसी व्यक्ति के द्वारा अपरण कर लिया गया गया।चुकी मामला अपहरण जैसे गंभीर होने के चलते घटना की जानकारी पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को दिया गया और मामले की खोजबीज प्रारंभ किया गया,लेकिन किसी प्रकार की जानकारी नहीं मिली।वही नव नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक कुमार राखेचा के द्वारा पदभार ग्रहण करते ही जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पुराने अपराध के निकाल करने निर्देश दिया गया जिसके चलते कोतवाली प्रभारी ओमप्रकाश यादव के द्वारा कोतवाली से प्रधान आरक्षक,रामकृष्ण साहू,आरक्षक लखन लाल ध्रुव और महिला आरक्षक डीगेश्वरी कवर टिम बनाकर लापता महिला की तलाश किया गया।जिससे मुखबिर की सूचना के आधार पर लापता महिला को रायपुर मोवा से बरामद कर कर आरोपी शिवनारायण यादव,पिता नकुल यादव 28 वर्ष निवासी ग्राम कोकड़ी को खिलाफ अपराध क्रमांक 248 /23,भादवि की धारा 363 कायम करते हुए जेल भेजा गया।वही कोतवाली से मिली जानकारी के अनुसार उक्त आरोपी के खिलाफपूर्व में भी ऐसा ही एक मामले में जेल भेजा गया था जिसमें जमानत पर छुटकर फरारी काट रहा जिसके चलते उक्त आरोपी के खिलाफन्यायालय द्वारा वारंट भी जारी किया गया है।

### व्यवस्था के नाम पर स्कूल के बच्चों के साथ खिलवाड़ ,पालक पहुंचे कलेक्टर दरबार शिक्षक वापस करने की मांग



**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** जिले के सेम्हरढांप प्राथमिक शाला के एक शिक्षक राधेश्याम वनवासी को जिला शिक्षा:अधिकारी गरियाबंद ने कुछ दिनों पूर्व सेम्हरढांप स्कूल से हटा कर शासकीय प्राथमिक शाला बिंद्रानवागढ़ पदस्थ कर दी। शिक्षक राधेश्याम वनवासी के जाने के बाद सेम्हरढांप स्कूल एकल शिक्षकीय हो।गया जब ग्रामीणों को इसकी भनक लगी तो ग्रामीणों ने अपने शिक्षक के अटैचमेंट समाप्त करने वापस सेम्हरढांप स्कूल में पदस्थ करने की मांग की वहीं उक्त स्कूल में पदस्थ एक शिक्षक संकुल समन्वयक का काम संभालता है वहीं दूसरे के अन्य शाला में पदस्थापना होने से शाला की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हुई है।गरियाबंद जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय इन दिनों अपने विभिन्न कामों को लेकर सुर्खिया बटोर रहा वहीं व्यवस्था के नाम पर छात्र छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना कहा तक जायज है जिला प्रशासन के नाक के नीचे शिक्षा विभाग में यह क्या हो रहा समीक्षा की बात है वहीं भरे शिक्षा सत्र में शिक्षकों की व्यवस्था मन पसंद जगह करना क्या उचित है।वहीं इस प्रकरण पर जिला प्रशासन कितना गंभीरता से कार्यवाही करता है देखने की बात होगी।

### अनाथ बाल आश्रम किया गया निरीक्षण

**रायगढ़।** जिला एवं सत्र न्यायालय रायगढ़ के तत्वाधान में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ द्वारा गत दिवस आशियाना और मातृ निलयम रायगढ़ (बाल आश्रम) का निरीक्षण किया गया। उन्होंने यहां के अधीक्षिका से संपर्क कर वहां रहने वाले बालक-बालिका के दिनचर्या, खेलकूद, स्वास्थ्य, बच्चों की शिक्षा संबंधी, वहां लगने वाली पाठशाला एवं बच्चों को दिये जाने वाले भोजन में पोषक आधार के उपयोग किये जाने की जानकारी लिए। साथ ही यह सुनिश्चित किया गया की बालकों को यहां किसी भी प्रकार की परेशानी या कोई समस्या तो नहीं हो रही है। निरीक्षण के दौरान अधीक्षिका श्रीमती मीना जायसवाल, अधीक्षक अशोक पटेल, स्टॉफ एवं पैरालीगल वालंटियर्स उपस्थित रहे।

# पत्रकार प्रताड़ना को लेकर दुर्ग में पुलिस एवं प्रशासन के खिलाफ एक दिवसीय धरना

**पत्रकार राकेश तम्बोली पर प्रायवेट अस्पताल के दबाव में की गईं गलत एफआई आर?**

**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के द्वारा दुर्ग में पत्रकार पर प्रायवेट अस्पताल के दबाव में की गई एफ आई आर के विरोध में एक दिवसीय धरना दिया जायेगा।छत्तीसगढ़ में इस समय पत्रकारों पर पुलिस दमन का खेल चल रहा है कोंटा में पत्रकारो को फ़साने में पुलिस का हाथ,कांकेर में थाने के अंदर वरिष्ठ पत्रकार के स । थ हाथपाई,बालोद,अंबिकापुर,रायपुर न जाने कितनी जगह पुलिस ने गलत एफ आई आर करके पत्रकारों को प्रताड़ित करने का काम किया है आज उस जिले में एक और नाम दुर्ग का जुड़ गया है जहाँ वरिष्ठ पत्रकार राकेश तम्बोली पर प्रायवेट अस्पताल के दबाव में आकर एफ आई आर दर्ज की है।

ज्ञात हो कि दुर्ग जिले के वरिष्ठ पत्रकार राकेश ताम्बेली के द्वारा एक प्रायवेट अस्पताल के नियम विरुद्ध कार्य करने को लेकर खबर को प्रकाशन किया और उस अस्पताल की शिकायत दुर्ग कलेक्टर को की गईं लेकिन विगत पांच माह से न तो कोई उस अस्पताल पर कार्यवाही हुई और न ही किसी प्रकार की जाँच उल्टा पत्रकार पर दबाव बनाया गया और नहीं मानने पर उस पर गलत नियत से एफ आई आर कराई गई।जिसके विरोध में अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति एक दिवसीय धरना दुर्ग में देने जा रही है जिसमें प्रदेश के समस्त संगठन से जुड़े पत्रकार इस धरने में उपस्थिति दर्ज कराएंगे इसके अलावा अन्य संगठनो से भी अनुरोध है की पत्रकार हित के लिए इस आंदोलन को अपना समर्थन देने और अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की अपील किया गया।

# विवेकानंद युवा प्रोत्साहन योजना में 12 लाख का बंदरबाट, जनदर्शन में हुई जांच के लिए शिकायत, मामला आरटीआई से हुआ खुलासा

**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** जनपद पंचायत के आला अधिकारियों की मेहरबानी से जनपद पंचायत कार्यालय में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर महेंद्र बंजारे के नाम स्वामी विवेकानंद युवा प्रोत्साहन योजना के 12 लाख रुपए जारी की जिसे डकार गए।इसकी जानकारी सुचना के अधिकार से हुआ खुलासा।

ज्ञात हो कि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष हाफिज़ खान के द्वारा सुचना के अधिकार अंतर्गत जनपद कार्यालय में आवेदन कर स्वामी विवेकानंद युवा प्रोत्साहन योजना की जानकारी प्राप्त की यह प्रकरण उस समय की बात है जब 2021 में पुरे देशवासी कोरोना जैसे बीमारी से लड़ रहे थे तब स्वामी विवेकानंद युवा प्रोत्साहन योजना की राशि को महेंद्र बंजारे ने बंदरबाट जैसे कारनामा को अंजाम दी।महेंद्र बंजारे नामक व्यक्ति जनपद पंचायत में कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर लंबे समय से पदस्थ है।स्वामी विवेकानंद युवा प्रोत्साहन योजना की राशि महेंद्र बंजारे के नाम से 12 लाख जारी हुई है जिसमें मीडिया कई सारे सवाल खड़े कर रहे हैं ?इसके अलावा नवापारा राजिम मारवाड़ी भोजनालय के नाम से 3 लाख रुपए,देवांगन टेंट हाउस मैनपुर 3 लाख रुपए,जय मां टूर एंड ट्रेवल्स गरियाबंद 1 लाख रुपए,सोनू पुस्तकालय भंडार एवं प्रिंटर्स आरंग को 1 लाख 29 हजार रुपए,निषाद साउंड एवं किराया भंडार नवापारा राजिम 2 लाख 25 हजार रूपए,विश्वकर्मा ट्रेडर्स किराना एवं जनरल नवापारा 63 हजार रूपए,सरस्वती डिजिटल स्टूडियो 33 हजार रूपए का बिल लगाना भ्रष्टचार की बू आ रही है। कोरोना काल की समय में इस तरह के बिल लगाना कई सारे सवाल आ रहे हैं? क्योंकि इन बिल भाऊचर के अनुसार लगभग 500 से 1000 जनसंख्या शामिल होना?


**जनदर्शन में जांच के लिए की शिकायत-** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष हाफिज़ खान ने इसकी शिकायत जिला कलेक्टर जनदर्शन समस्या निवारण शिविर दिनांक 24/09/2024 को शिकायत एवं जांच के लिए आवेदन किया जिसमें कम्प्यूटर ऑपरेटर महेंद्र बंजारे के नाम से 30 सितंबर 2021 को 2 लाख रुपए,01/10/2021 को 5 लाख रुपए, 04/10/2021 को 5 लाख रुपए टोटल 12 लाख रुपए लगभग सप्ताह दिवस में सीधा आ जाना एक अकेले की बस की बात नहीं है इतनी बड़ी राशि को भ्रष्टचार देने में उच्च अधिकारी के सरक्षण के बिना अधुरा है। जो जांच की विषय बना हुआ है शिकायत के बाद भी आज तक जांच ना होना कई सवाल घेरे में हैं।

स्वामी विवेकानंद युवा प्रोत्साहन योजना का उद्देश्य क्या है,,,,,,इस योजना में ग्रामीण क्षेत्र के 15 से 35 वर्ष के युवा समिमलित होंगे। ग्रामीण युवाओं में सामाजिक नेतृत्व विकसित करने, आधुनिक संचार सुविधाओं की पहुंच बनाने, युवाओं के व्यकितत्व के सर्वांगीण विकास हेतु उपयुक्त वातावरण निर्मित करने तथा युवाओ के बीच एकता की भावना विकसित करना इस योजना का मुख्य उददेश्य है।

इस विषय में रीता यादव जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि जनदर्शन में हुई शिकायत जांच के संबध में जल्द से जल्द जांच कर दोषियों पर कार्यवाही की जाएगी।

# छत्तीसगढ़ी फिल्म तीजा के लुगरा 2 का टीजर, रिलीज 22 नवंबर से धूम मचाएगी सिनेमाघरों में

**रायपुर ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ी सिनेमा के दर्शकों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। वी आर फिल्म नागपुर के बैनर तले बनी बहुप्रतीक्षित फिल्म तीजा के लुगरा 2 का टीज़र रिलीज़ हो चुका है और दर्शकों द्वारा इसे खूब पसंद किया जा रहा है। फिल्म में सुपरस्टार करन खान और प्रकाश अवस्थी की जोड़ी एक बार फिर धमाल मचाने के लिए तैयार है।




**परिवारिक मनोरंजन से भरपूर फिल्म**- निर्देशक विजय गुमगांवकर के निर्देशन में बनी इस फिल्म में भरपूर पारिवारिक मनोरंजन का तड़का लगाया गया है। फिल्म में करन खान और प्रकाश अवस्थी के अलावा रश्मि देवांगन, कल्याणी तापसे, रिंकू रज़ा, पुष्पेंद्र सिंह, उर्वशी साहू, पवन गुप्ता, संतोष निषाद, संजू साहू, पायल साहू, लता राही, खुशी गुमगांवकर, करीम खान और शांतनु जैसे कई मशहूर कलाकार अहम भूमिकाओं में नज़र आएंगे।

**दमदार संगीत**- फिल्म के गीत डॉ. पीसी लाल यादव और मौनी लाला ने लिखे हैं, जबकि संगीत सुनील सोनी ने दिया है। गानों को विलास राउत और दिलीप बैस ने कोरियोग्राफ किया है। फिल्म के सभी गीत कर्णप्रिय हैं और दर्शकों के दिलों को छू लेने वाले हैं।

**22 नवंबर को रिलीज़**- फिल्म तीजा के लुगरा 2 22 नवंबर को प्रदेश के सभी सिनेमाघरों में रिलीज़ होने जा रही है। फिल्म का वितरण शिवम् इंटरप्राइजेज और लकी रंगशाही कर रहे हैं।

**निर्माताओं का कहना**- फिल्म के निर्माता राजन सूर्यवंशी और कुंदन मार्कर का कहना है कि फिल्म में हर वर्ग के दर्शकों के लिए कुछ न कुछ खास है। उन्हें उम्मीद है कि दर्शक इस फिल्म को खूब पसंद करेंगे।

**दर्शकों में उत्सुकता**- फिल्म का टीज़र रिलीज़ होने के बाद से ही दर्शकों में इस फिल्म को लेकर काफी उत्सुकता है। सोशल मीडिया पर फिल्म के पोस्टर और टीज़र को खूब शेयर किया जा रहा है।

तीजा के लुगरा 2 छत्तीसगढ़ी सिनेमा के लिए एक बड़ी फिल्म साबित हो सकती है। फिल्म का कहानी, संगीत और कलाकारों का अभिनय दर्शकों को खूब पसंद आएगा।

# मतदाता सूची में नाम, जोड़ने, हटाने एवं संशोधन के लिए विशेष शिविर आयोजित

**10, 16 एवं 17 नवम्बर को भी मतदान केंद्रों में लगेगी विशेष शिविर**

**गरियाबंद।** जिले में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची को शुद्ध करने तथा पात्र एवं युवा मतदाताओं के पंजीयन के लिए अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के संदर्भ में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा हैं। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण - 2025 कार्यक्रम के अंतर्गत 29 अक्टूबर 2024 को जिला गरियाबंद अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 54 राजिम के 274 मतदान केन्द्रों तथा 55 - बिन्द्रानवागढ़ के 300 मतदान केन्द्रों में मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जा चुका हैं । उक्त कार्यक्रम के तहत 28 नवम्बर 2024 तक मतदान केन्द्रों में दावा - आपत्ति प्राप्त किये जाएंगे। इस दौरान मतदान केन्द्रों में अभिहित अधिकारी कार्यालयीन समय में उपस्थित रहेंगे जिनके पास आवेदन जमा किये जा सकते हैं। मतदाता सूची में नाम, जोड़ने, हटाने एवं संशोधन के लिए विशेष शिविरों का भी आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य किया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज विशेष शिविर का आयोजन किया गया। मतदान केंद्रों में लगाए गए विशेष शिविर में मतदाता सूची से संबंधित नाम जोड़ने एवं संशोधन का कार्य किया गया। अभियान के तहत 10, 16 एवं 17 नवम्बर 2024 को भी सभी मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर का आयोजन किया जायेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल के द्वारा जिले के सभी नागरिकों से अपील की गई है।

# नशा मुक्ति अभियान के तहत रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

**नशा मुक्त भारत का निर्माण-एक पहल, लगातार चतुर्थ शनिवार**

**सरायपाली( समय दर्शन )।** विकासखंड सरायपाली के विभिन्न विद्यालयों में नशा मुक्त भारत का निर्माण - एक पहल अभियान के अंतर्गत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।एसडीएम सरायपाली नम्रता चौबे आई ए एस, विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद्र मांझी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी डी.एन. दीवान, बीआरसीसी सतीश स्वरूप पटेल,नोडल प्राचार्यों, संकुल समन्वयकों के मार्गदर्शन एवं मास्टर ट्रेनर शैलेंद्र नायक, नोडल शिक्षक संतोष कुमार साव, कैलाश चंद्र पटेल, सुन्दर लाल डडसेना के मार्गदर्शन में नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम के तहत रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया गया।जिसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगोली एवं चित्रों, पोस्टरों के माध्यम से नशा मुक्ति अभियान पर प्रदर्शन कर लोगों को संदेश दिया गया।चौक-चौराहों, गलियों में रैली निकालकर नशा से नाता छोड़ो खुशी जीवन से नाता जोड़ो नारों से आसमान गुंजने लगा और लोगों को नशा से दूर रहने का आग्रह किया गया। इस अभियान में विकासखंड के उच्च प्राथमिक, हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में




सिंघोड़ा,केदुवां,डुडूमचुवां,पझरापाली, चट्टीगिरोला, कुसमीसरार, जम्हारी,नवागढ़, चारभांटा,टेमरी, केंदुढ़ार, तोरेसिंहा, रिमजी, मोंहदा, बलौदा एवं शास.आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरायपाली ने कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।बीईओ मांझी ने कहा नशे की लत से लोगों को गंभीर स्वास्थ्य समस्याएँ होती हैं। नशे से लीवर खराब होने, हृदय संबंधी रोग, सांस संबंधी समस्याएँ और शरीर में तंत्रिका तंत्र को हानि जैसे कई रोग हो सकते हैं। नशे से लोगों व्यवहार में बदलाव हो सकते हैं, जिससे निर्णय लेने की क्षमता कमज़ोर हो सकती है और विकट परिस्थितियों में दुर्घटनाओं और चोटों की संभावना बढ़ सकती है। नशा मुक्ति इस समस्या से छुटकारा पाने का उपाय है जिस पर ध्यान देना आवश्यक है।

बीआरसीसी पटेल ने कहा नशीले पदार्थों की लत एक व्यापक समस्या है। यह दुनिया भर में कई लोगों को प्रभावित करती है। लोगों में नशे की लत जल्दी से विकसित हो सकती है और एक बार नशे की आदत लगने के बाद इसे रोकना मुश्किल हो जाता है। नशे के उपयोग से गंभीर दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याएं होती है और व्यक्ति के व्यवहार में परिवर्तन भी हो सकता है। लत के सामान्य लक्षणों में भूख न लगना, खराब समन्वय, बेचैनी, काम में रुचि न लेना, वित्तीय समस्याएँ, गुप्त व्यवहार, बार-बार मूड में बदलाव और चिंता शामिल हैं। इन सभी समस्याओं से बचने के लिए नशा मुक्ति ही एक उपाय है। कुछ लोगों का मानना है कि लत पर काबू पाना सिर्फ़ इच्छाशक्ति पर निर्भर करता है। नशे की लत मस्तिष्क पर भी प्रभाव होता है। नशे के प्रभावों से बचने के लिए इसे तुरंत छोड़ना ही बचाव का एकमात्र उपाय है

नशे की लत व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित करती है। नशे के तात्कालिक और दीर्घकालिक दोनों तरह के प्रभाव होते हैं। शरीर और मस्तिष्क को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से बचाने के लिए नशा मुक्ति आवश्यक है। नशा मस्तिष्क के कार्य को बाधित कर सकता है, जिससे निर्णय लेने और गाड़ी चलाने के समस्या हो सकती हैं। इससे अवसाद, अल्जाइमर रोग, अनिद्रा, चिंता और अन्य समस्याओं जैसी मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। यह जानकारी मीडिया प्रभारी दुर्वादल दीप ने दिया।

**कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता**
**लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग बेमेतरा जिला बेमेतरा (छ.ग.)**
**जय स्तंभ चौक बेमेतरा**
दूरभाष क्र. 07824 - 222019, फैक्स क्र. 07824-222018
Email:- ee.bemetara@gov.in

**निविदा निरस्तीकरण सूचना**
इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित टेन्ट शामियाना हेतु दर आमंत्रण सूचना दिनांक 10.10.2024 को अपरिहार्य कारणो से निरस्त किया जाता है ।
कार्यपालन अभियन्ता लोक निर्माण विभाग बेमेतरा संभाग बेमेतरा
G-242503677/2

# दिव्यांग जया खुटियारे के मदद के लिए सभी समाज के युवाओं ने बढ़ाया हाथ ट्राइसिकल खरीद किया भेट



**पाटन ( समय दर्शन )।** पाटन ब्लाक के अंतर्गत आने ग्राम पंचायत तरीघाट निवासी जया खुटियारे बी ए प्रथम वर्ष की छात्रा है ये बचपन से दोनो पैर से दिव्यांग है जया तरीघाट से पाटन बस स्टैंड तक बस से सफर तय करती है लेकिन बस स्टैंड से कालेज की दूरी एक किलोमीटर है वहा तक पैदल सफर तय करने में जया को काफी तकलीफों का सामना करना पड़ रहा था शासन प्रशासन से विगत दो वर्ष से ट्राइसिकल के लिए गुहार लगा रही थी लेकिन दिव्यांग प्रमाणपत्र में प्रतिशत कम होने की वजह से शासन से लाभ नही मिल पाया जया के माता पिता काफी गरीब है मजदूरी कर जीवन यापन कर अपनी दिव्यांग बच्ची को पढ़ा कर उनका भविष्य उज्वल बनाना चाहते है जया अपना जीवन अच्छी शिक्षा हासिल कर संवारना चाह रही है लेकिन हालात के सामने नतमस्तक है उक्त मामले की जानकारी राज प्रधान कुर्मी समाज पाटन राज युगल किशोर आडिल को समाचार पत्र के माध्यम से होने पर सतनामी समाज के युवा राजेंद्र बघेल से चर्चा कर जया को बैटरी वाली ट्राइसिकल देने की सहमति बनी और दोनो ने मिलकर सभी समाज के जनप्रतिनिधि व्यापारी और नौकरी पेशा युवाओं से मदद की अपील की जया खुटियारे की मदद के लिए सभी समाज के लोग सामने आए और 42000 इकट्ठा कर ट्राइसिकल खरीद कर भेट किया ट्राइसिकल मिलने से जया खुटियारे को अब कालेज आने जाने में कोई परेशानी नहीं होगी और गरीबी शिक्षा में बाधक नही बनेगा सहयोग करने वालो में युगल किशोर आडिल राज प्रधान मनवा कुर्मी समाज पाटन राज राजेंद्र बघेल समाज सेवी प्रदीप वर्मा सत्य मार्ग देव साहू देव टी वी एस पाटन मनोज साहू गायत्री मेडिकल पाटन प्रेम वर्मा वर्मा बोरवेल्स पाटन चुम्मन सिन्हा सिन्हा हार्डवेयर जलज सावर्णी भूपेश शर्मा कृष्णा स्वीट्स पाटन चंद्रशेखर देवांगन अतिथि शिक्षक जेपी चाय पाटन मोती बघेल शेखर वर्मा सरपंच चंगोरी मुकेश अहिर जितेश वर्मा राकेश आडिल सरपंच कसही नीलमणि वर्मा मुरली प्रसाद साहू अशोक साहू सरपंच तरीघाट मनीष पटेल सरपंच तेलीगुंड्रा किशोर मेडिकल पांडे मेडिकल नरेश महतो पंचायत सचिव धर्मेंद्र वर्मा पंचायत सचिव प्रदीप चंद्राकार पंचायत सचिव नागेंद्र यादव अमित सेलून तजेंद्र सिन्हा आशीष वर्मा हेमंत बघेल शिक्षक बिरेंद्र ठाकुर समिति प्रबंधक वर्मा चाय पाटन प्रायुष बघेल ओम प्रकाश अवसर यू ट्यूबर एवम सत्य मार्ग सेवा वेल फेयर सोसाइटी अम्लेश्वर का विशेष सहयोग रहा

## संक्षिप्त-खबर

### छोटेटमरी विद्यालय में छात्रों द्वारा बनाई गई कलाकृति का प्रदर्शन किया गया




**बसना ( समय दर्शन )।** बसना विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला छोटेटमरी, संकुल केंद्र बड़ेटमरी में कक्षा पहली से पांचवीं के छात्रों ने कागज से टोपी,कमलफूल , पतंग ,पर्स ,गेंद, कागज की कश्ती ; आदि मिट्टी से गुड़िया, मोर, ओखली, गोला, कंचा, आम,सेब, मिर्ची,बैगन, टमाटर, कबूतर, बतख,बैल, गमला, ढक्कन, गुड़िया, मिट्टी का घर,उल्लू आदि। पुट्ठा से घर,टोकरी, चांद, तारा,बॉक्स, आदि बहुत ही सुन्दर और आकर्षक कलाकृति बनाकर प्रदर्शनी लगाए । प्रधान पाठक गफ्फार खान ने छात्रों द्वारा बनाई गई कलाकृति प्रदर्शनी का अवलोकन किया और बच्चों कि भूरी भूरी प्रशंसा की विद्यालय की शिक्षिका प्रीतम पटेल, तंजू साव ने कलाकृति बनाने में छात्रों का मार्गदर्शन प्रदान किया। छात्रों द्वारा कलाकृति बनाने और प्रदर्शनी लगाने पर, बसना विकास खंड शिक्षा अधिकारी जे आर डहरिया, विकास खंड स्रोत समन्वयक पूर्णानंद मिश्रा। सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी विनोद शुक्ला, बद्रीविशाल जोल्हे, लोकेश्वर कंवर, बड़ेटमरी संकुल समन्वयक वारिश कुमार, नोडल प्राचार्य शरद कुमार प्रधान,एस एम सी सदस्यों, और पालकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में दो दिवसीय युवा उत्सव आयोजित



**राजनांदगांव।** संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, ठाकुरटोला, राजनांदगांव में दो दिवसीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत शुक्रवार व शनिवार को कॉलेज में विभिन्न प्रतियोगिताएं हुई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा ने मां सरस्वती के चलचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। युवा उत्सव के अंतर्गत रंगोली, वाद-विवाद, मेहंदी, तात्कालिक भाषण, कोलाज, पोस्टर मेकिंग, ऑन द स्पॉट पेंटिंग, समूह गायन, सामूहिक लोक नृत्य, क्विज इत्यादि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें रंगोली में ईश्वरी ने प्रथम स्थान व काजल साहू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मेहंदी में प्रथम स्थान रानी प्रतिभा साहू व हिमानी स्थान द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कोलाज में पायल सिन्हा प्रथम स्थान व रूपाली साहू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में विद्या साहू ने प्रथम स्थान व डिंपल कोमरे द्वितीय स्थान प्राप्त किया। ऑन द स्पॉट पेंटिंग में धर्मेंद्र ने प्रथम स्थान व तेजस्वी द्वितीय ने स्थान प्राप्त किया। तात्कालिक भाषण में मेघा देवागन ने प्रथम स्थान व अमन शुक्ला ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वाद-विवाद में मेघा देवागन ने प्रथम स्थान व अमन शुक्ला द्वितीया ने स्थान प्राप्त किया। समूह गायन में प्रियंका ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। समूह लोक नृत्य में गीतांजलि ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक एवं प्रशिक्षणार्थियों ने अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया।

### कमला कॉलेज की छात्राओं का अंर्तविश्वविद्यालयीन कबड्डी प्रतियोगिता हेतु चयन



**राजनांदगांव।** शासकीय कमला देवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव की 2 छात्राओं कु. चांदनी गावड़े बीए द्वितीय वर्ष एवं कु. हेमलता दुग्गा बीए द्वितीय वर्ष का चयन पं. रविशंकर शुक्ल विश्व विद्यालय, रायपुर में दिनांक 12 से 14 नवंबर 2024 तक आयोजित होने वाली पूर्वी क्षेत्र अंर्तविश्वविद्यालयीन कबड्डी प्रतियोगिता हेतु हुआ है। इसके पूर्व पं. रविशंकर शुक्ल विश्व विद्यालय, रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर दोनों छात्राओं का चयन किया गया। महिला कबड्डी टीम का प्रशिक्षण शिविर दिनांक 08.11.2024 से 11.12.2024 तक शासकीय महाविद्यालय, भिलाई 3 में आयोजन किया जा रहा है। इस टीम के मैनेजर रमेश त्रिपाठी शासकीय खूबचंद बघेल महाविद्यालय, भिलाई-3 एवं कोच डॉ. नीता एस. नायर क्रीड़ाधिकारी शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव हैं। उनकी इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा, क्रीडाधिकारी डॉ. नीता एस. नायर एवं समस्त प्राध्यापकों ने बधाई दी।

# भारत स्काउट एवं गाइड संघ के प्रशिक्षण एवं जांच महाशिविर मे विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल हुए शामिल



**बसना ( समय दर्शन )।** बसना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सावित्रीपुर में शनिवार को भारत स्काउट एवं गाइड संघ के द्वितीय व तृतीय सोपान प्रशिक्षण एवं महाशिविर ज्वाल कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल शामिल हुए। मिस्टर एंड मिसेज बेडेन पावेल के छायाचित्र में पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात मंचस्थ अतिथियों एवं पदाधिकारियों का स्वागत स्कार्फ से किया गया।

विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि भारत स्काउट एवं गाइड सेवा का एक माध्यम है। इसके माध्यम से मानवता के अनेकों कार्य किए जाते हैं। संघ इन्हीं गतिविधियों को आगे बढ़ाने का काम करता है। स्काउट गाइडस समाज के पथ प्रदर्शक के रूप में अग्र पंक्ति में खड़े होने वाले आदर्श होते हैं, जो रोल मॉडल की भूमिका निभाते हैं। उन्होंने स्काउट गाइड के महत्व को बताते हुए कहा कि यह संगठन बच्चों में चरित्र निर्माण एवं सेवा के क्षेत्र में कार्य करने वाली एक महत्वपूर्ण संगठन है। स्काउटिंग सेवा भाव जागृत करता है यह समाज में एक बेहतर वातावरण तैयार करने हेतु आवश्यक है। स्काउट संघ नैतिक मूल्यों की वृद्धि के साथ जीवन को आदर्श बनाने के लिए यह संगठन कार्य करता है। स्काउट गाइड से अनुशासन का बोध होता है और अनुशासन में रहकर कार्य करने पर सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनकी उज्वल भविष्य की कामना की।

पूरे शिविर के दौरान प्रशिक्षकों द्वारा शिविरार्थियों को स्काउटिंग क्या है,नियम,प्रतिज्ञा, झंडा गीत, प्रार्थना,राष्ट्रगान,बच्चों में चारित्रिक विकास, विकासात्मक प्रशिक्षण बालकों की विकासात्मक वेस्को की प्रशिक्षण, सिगनलिंग, मैपिंग, हैकिंग,नोटिंग, प्राथमिक चिकित्सा,दल संचालन,ग्रुप प्रणाली, टोली विधि, के बारे में जानकारी दिया गया।

भारत में स्काउटिंग की शुरुआत साल 1909 में हुई थी। भारत स्काउट गाइड का प्रतीक चिह्न तिपतिया घास पर लगा हुआ एक पुष्प-पत्ती है। भारत स्काउट गाइड का मकसद मानवजाति की सेवा और प्रकृति के संरक्षण के लिए तैयार रहना है। स्काउट गाइड से जुड़ी गतिविधियों से छात्र-छात्राओं के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, आध्यात्मिक, और भावनात्मक विकास में मदद मिलती है।

इस अवसर पर पूर्व प्रदेश मंत्री शंकर अग्रवाल,भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी, पूर्व मण्डी पिथौरा अध्यक्ष प्रेमशंकर पटेल, स्काउट एवं गाइड संघ पिथौरा अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल,भाजपा मण्डल पिथौरा अध्यक्ष नरेश सिंघल, वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश अग्रवाल, निज सचिव नरेन्द्र बोरे, विधायक प्रतिनिधिगण छबीलाल रात्रे, सुमित अग्रवाल, विजयराज पटेल, सोनू छाबड़ा, दिलीप निषाद,पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला मंत्री गणेश पटेल, किसान मोर्चा अध्यक्ष राजेश विशाल, जनपद सदस्यगण पुरुषोत्तम धृतलहरें, आरती रात्रे, सरपंच शिवकुमारी मानिकपुरी, संजय गोयल, प्राचार्य पी सिदार, स्काउट एवं गाइड जिला उपाध्यक्षगण आनंद साहू, जय पवार, जिला प्रशिक्षण आयुक्त लीलिमा साहू, जिला पर्यवेक्षकगण संतोष कुमार साहू, शैलेन्द्र कुमार नायक, शिविर संचालक रामकुमार नायक, क्वाटर मास्टर नरेश कुमार नायक, स्काउटरगण राजीव तिवारी, दिलीप निषाद, गाइडरगण सुकांति नायक, दीपिका देवांगन, चंद्रिका साहू आदि मौजूद रहे।

# पिरदा सहकारी समिति में करोड़ों का घोटाला, तीन वर्ष बाद पुलिस ने किया अपराध पंजीबद्ध




## सात माह बीत जाने के बाद भी बसना पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार करने नाकाम

**बसना ( समय दर्शन )।** बसना - महासमुन्द जिले के पिथौरा ब्लॉक अंतर्गत पिरदा सहकारी समिति में धान खरीदी में अनियमितता,बारदाना की हेराफेरी को लेकर सात लोगों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

बता दें कि सहकारी समिति पिरदा में खरीदी की गई धान,बारदाना का रख-रखाव में 4 करोड़ 44 लाख 65 हजार 510 रूपये की गड़बड़ी को लेकर बसना पुलिस ने मामला दर्ज किया है परन्तु आरोपियों के नाम को उजागर करने में परहेज कर रही है। सहकारी समिति में धान खरीदी में 17210 क्विंटल धान का स्टाक कम मिला था साथ ही 65467 बोरियां कम पाई गई थीं।इस मामले में आरोपियों के खिलाफ तकरीबन 3 वर्षों बाद धारा 156,3 के तहत् मामला दर्ज किया है लेकिन आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

**आडिटर की जांच में हुआ खुलासा-** दरअसल यह मामला 2020-21का है कि धान के बोरों का रख-रखाव ,बारदाना के हिसाब किताब भारी गड़बड़ी सामने आया है।इस जिला विपणन अधिकारी द्वारा नियुक्त तत्कालीन सहकारी समिति कर्मचारियों के द्वारा अफरा तफरी की गई ।अफरा तफरी की शिकायत पर जिला विपणन अधिकारी ने दो आडिटर्स को जांच की जिम्मेदारी सौंपी ।आडिटर्स की जांच में यह पाया गया कि पिरदा सहकारी समिति में सन् 2021 में कुल 68539.20 क्विंटल धान खरीदी की गई थी। जिसमें 17210 क्विंटल धान की कमी पाई गई थी ।उस वक्त राज्य सरकार 2500 रूपये समर्थन मूल्य पर प्रति क्विंटल धान खरीद रही थी। लिहाजा धान खरीदी, रख-रखाव और परिवहन में ही 43026800 रूपये की अनियमितता बरती गई। वहीं समिति में जांच के दौरान 65467 बारदाना की कमी पाई गई ।उस बारदाने की कीमत 1438467 रूपये है। धान खरीदी और बारदाना मिलाकर 44465510 रूपये की हेराफेरी की गई है।

**न्यायालय में करना पड़ा परिवाद-** वर्तमान समिति प्रबंधक ने मीडिया को बताया कि 03 जून 2023 को एफआईआर दर्ज किये जाने के लिए पुलिस को शिकायत की गई थी परन्तु बसना पुलिस के द्वारा किसी भी प्रकार से कार्रवाई नहीं करने पर परिवाद दायर करना पड़ा। सुनवाई के बाद न्यायालय ने विगत 20 मार्च को इस मामले में संबंधित आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई किये जाने आदेशित किया है। न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए बसना पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 156, 3 के तहत् मामला दर्ज किया है। फिलहाल आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। एफआईआर की भनक लगते ही आरोपी फरार हो गये हैं लेकिन सात माह बीत जाने के बाद भी बसना पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार करने में नाकाम रही है।

अपुष्ट सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार बसना पुलिस सिर्फ अवैध शराब और गांजा मादक पदार्थ पर अपनी सक्रियता दिखाकर सिर्फ खानापूर्ति करते नजर आ रही है। जबकि बसना शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब की बिक्री खुले आम जारी है।

# घर-परिवार के सौभाग्य, अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना करते किया गया आंवला पेड़ की पूजा, पाटन क्षेत्र में मनाई गई आंवला नवमी



**पाटन ( समय दर्शन )।** पाटन नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में भी रविवार की आंवला नवमी मनाई है। इस दौरान महिलाओं ने आंवला पेड़ की पूजा अर्चना कर परिवार के सदस्यों की लंबी आयु, शौभाग्य, स्वास्थ्य रहने की कामना करते हुए पूजा अर्चना किया। इसके बाद आंवला पेड़ के नीचे ही प्रसाद ग्रहण किया। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर आंवले के विशेष पूजा की जाती है। इसे अक्षय नवमी भी कहते हैं। माना जाता है कि इस पर्व पर किए गए आंवला पूजन से घर-परिवार के लोगों को सौभाग्य, अच्छा स्वास्थ्य और लंबी उम्र मिलती है।

पं. के के तिवारी के मुताबिक, कार्तिक शुक्ल नवमी पर महिलाएं आंवले के पेड़ की पूजा करती हैं। आंवला नवमी की कहानी सुनती हैं। पूजा के बाद आंवले के पेड़ की परिक्रमा की जाती है। पूजा के साथ ही इस पर्व पर दान-पुण्य करने की भी परंपरा है।

**प्रकृति के पूजन का पर्व है अक्षय नवमी-** अक्षय नवमी पर आंवले के पेड़ की पूजा करने का संदेश ये है कि हमें प्रकृति का सम्मान करना चाहिए। पेड़-पौधों की पूजा करें, इन्हें बचाएं, तभी हमारा जीवन बचा रहेगा। इस पर्व पर आंवले के नीचे बैठकर पूजा और भोजन करने की भी परंपरा है।

**आंवला नवमी से जुड़ी मान्यताएं-** ये पर्व देवी लक्ष्मी से जुड़ा है। एक कथा के अनुसार, पुराने समय में कार्तिक शुक्ल नवमी पर देवी लक्ष्मी पृथ्वी भ्रमण कर रही थीं, तभी उन्हें भगवान विष्णु और शिव की पूजा करने की इच्छा हुई।

देवी लक्ष्मी विष्णु जी और शिव जी की पूजा एक साथ करना चाहती थीं। देवी ने विचार किया कि विष्णु जी की प्रिय तुलसी और शिव जी के प्रिय बिल्व के गुण एक साथ आंवले में होते हैं। ऐसा विचार आने के बाद देवी लक्ष्मी ने आंवले को ही विष्णु जी और शिव जी का प्रतीक मानकर पूजन किया।

देवी लक्ष्मी की इस पूजा से विष्णु-शिव दोनों देवता प्रसन्न होकर प्रकट हुए। लक्ष्मी माता ने आंवले के पेड़ के नीचे ही विष्णु जी और शिव जी को भोजन कराया। इस कथा की वजह से ही कार्तिक शुक्ल नवमी पर आंवेल की पूजा करने की परंपरा है।

एक अन्य मान्यता है कि अक्षय नवमी को आंवला खाने से महर्षि च्यवन को फिर से जवान हो गए थे। इस मान्यता की वजह से आंवला नवमी पर आंवले का सेवन भी किया जाता है।

**आंवले के सेवन से दूर होती हैं कई बीमारियां-** आयुर्वेद में आंवले का महत्व काफी अधिक है। कई बीमारियों में आंवले का उपयोग अलग-अलग रूप में किया जाता है। आंवले का रस, चूर्ण और आंवले का मुरब्बा ये सभी हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होते हैं। इसके नियमित उपयोग से अपच, एसिडिटी, कब्ज, गैस जैसी बीमारियां दूर रहती हैं।

# संभागायुक्त कावरे ने फील्ड का दौरा कर धान खरीदी की तैयारियों का लिया जायज़ा

**मुंगेली /समय दर्शन।** बिलासपुर संभागायुक्त महादेव कावरे ने मुंगेली जिले के सरगांव क्षेत्र का दौरा कर धान खरीदी केंद्र की स्थल पर की जा रही तैयारियों का जायज़ा लिया। गौरतलब है कि इस साल 14 नवंबर से धान खरीदी शुरू हो रही है। उन्होंने चेक लिस्ट के अनुरूप केंद्र की तैयारियों का अवलोकन किया। प्रमुख रूप से खरीदी केंद्रों में कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन, मॉइश्चर मशीन, धान चबूतरा, बेनर सहित चेक लिस्ट के अनुसार सभी के बारे में जानकारी ली । आयुक्त द्वारा खरीदी केंद्र में कंप्यूटर ऑपरेटर, हेमाल के बारे में भी जानकारी लिया ।

# दीपावली मिलन एवं अभिनन्दन समारोह में शामिल हुए विधायक डॉ संपत अग्रवाल




**बसना ( समय दर्शन )।** बसना मे पत्रकार कल्याण महासंघ छत्तीसगढ़ ब्लॉक ईकाई बसना के तत्वावधान में दीपावली मिलन एवं अभिनन्दन समारोह का आयोजन डॉ संपत अग्रवाल विधायक बसना के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। अभिनंदन समारोह का शुभारंभ भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए डॉ संपत अग्रवाल विधायक ने कहा कि मीडिया के साथियों के सहयोग से मैं आज यहां तक पहुंचा हूं। बसना में पत्रकार भवन की अत्यंत आवश्यकता थी। सेवक दास दीवान के नेतृत्व में पत्रकार साथियों की मांग को सहजता से स्वीकार करते हुए छत्तीसगढ़ शासन से राशि स्वीकृत कराया गया है। इसमें मेरा कुछ भी नहीं है यह सब आप ही का है। मैं सिर्फ एक माध्यम है। मुझे आप लोगों ने जो ज़िम्मेदारियां दी है उसे निभा रहा हूं।तेरा तुझको अर्पण, क्या लागे मेरा --। बसना क्षेत्र का चहुंमुखी विकास होगा इसके लिए पत्रकार साथियों के सहयोग की अपेक्षा है,जैसा कि पहले आप सभी ने सहयोग किया है वैसे आज भी सहयोग करते रहें। बसना क्षेत्र में विकास की गंगा बहायेंगे। बसना में पत्रकार भवन हेतु 18 लाख रूपये की स्वीकृति हो गई है। आवश्यकता पड़ने पर और भी राशि की व्यवस्था की जायेगी। दीपावली, आंवला नवमी की सभी को बधाई देता हूं। भाजपा विधानसभा संयोजक डॉ एन के अग्रवाल ने कहा कि विधायक महोदय ने जो पत्रकार भवन के लिए घोषणा की थी उसे एक माह में करके दिखा दिया ।आप सभी पत्रकार साथी कलमकार हैं,आपके कलम में वो ताकत है कि जिसको ऊंचा उठाना चाहो तो समाचारों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से आगे बढ़ा सकते हो। अपने कलम की ताकत हमेशा अच्छे कार्य में लगायें। बसना,सेवक दास दीवान एवं वरिष्ठ पत्रकारों की भूमि है, इनकी लेखनी बहुत अच्छी है। समाज सेवा में लगे रहते हैं।दीपावली की साथ ही पत्रकार भवन के लिए सभी को हार्दिक बधाई शुभकामनायें देता हूं। स्वागत उद्बोधन में सेवक दास दीवान प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि हम बसना के पत्रकारों की पीड़ा को समझते हुए सक्रिय जुझारू विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने अपने वादे को समय से पूर्व करके दिखा दिया। पूर्व के सभी नेता, मंत्री यहां तक मुख्यमंत्री से भी पत्रकार भवन हेतु मांग पत्र पूर्व में सौंपा गया था लेकिन सिवाय आश्वासन के कुछ नहीं मिला लेकिन स्थानीय विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने हमारी मांगों को स्वीकार करते हुए राशि स्वीकृत करा दिया ।बसना के सभी पत्रकार साथियों की तरफ से सहृदय धन्यवाद देते हुए उज्वल भविष्य की कामना करते हैं। हमारे लोकप्रिय विधायक को विधानसभा क्षेत्र के सेवा का ही नहीं वरन् पूरे प्रदेश में नेतृत्व और सेवा का सुअवसर प्राप्त हो। डॉ संपत अग्रवाल विधायक के आगमन पत्रकारों ने गर्मजोशी से स्वागत किया तत्पश्चात् छत्तीसगढ़ का मुख्य फसल धान से विधायक को तौलकर सम्मान किया गया। छत्तीसगढ़ संस्कृति का प्रमुख परिधान खुमरी और टोपी को पत्रकारों ने पहनाकर विधायक का हार्दिक अभिनन्दन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ विवेक दास शिक्षक ने कुशलता से किया और आभार प्रदर्शन आर के दास प्रदेश सह सचिव एवं अभय धृतलहरे जिला महासचिव पत्रकार कल्याण महासंघ ने किया। उक्त अवसर पर मुख्य रूप से महंत लखनमुनि साहेब कबीर आश्रम तरेकेला, महंत रामप्रसाद साहेब गोरखपुर,रमेश अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष भाजपा, विधायक प्रतिनिधि अभिमन्यु जायसवाल,अरविंद मिश्रा विधायक प्रतिनिधि,सोनू छाबड़ा विधायक प्रतिनिधि, डॉ गजानन अग्रवाल, नवीन साव मीडिया प्रभारी भाजपा,आर के दास प्रदेश सह सचिव,उत्तर कौशिक प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, प्रकाश सिन्हा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, गेंद दास मानिकपुरी जिलाध्यक्ष, देवेंद्र काले जिला उपाध्यक्ष, अविनाश नायक, जीवन ध्रुव,कुंजराम रात्रे, सोहेल अकरम ब्लॉक अध्यक्ष महासमुन्द, लोचन चौहान ब्लॉक अध्यक्ष पिथौरा, देशराज दास ब्लॉक अध्यक्ष बसना, अरूण साहू ब्लॉक उपाध्यक्ष, सुश्री कुसुम यादव बागबाहरा, अशोक प्रधान,देव प्रधान,दासरथी चौहान सहित नगरीय निकाय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग ( छ.ग. ) 491111 से मुद्रित कर बी-4, प्रेस काम्प्लेक्स, इंदिरा मार्केट, दुर्ग छ.ग. 491001 से प्रकाशित। संपादक :- रोहित खड़तकर,
समाचार संपादक : दामोदर राव, फोन नं.-0788-4051213, मो. 9827104452, रायपुर कार्यालय:-0771-4218364, ईमेल - samay.darshan191@gmail.com पं. क्र. CHHHIN/2011/41517 डाक पंजीयन क्रमांक छ.ग./दुर्ग/61/2024-26